प्रधान सम्पादक
म. विनयसागर

प्राकृत भारती पुष्प–33

समणसुत्तं–चयनिका

– डॉ. कमलचन्द सोगाणी

प्रकाशक :
प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
श्री जैन श्वे. नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ
मेवानगर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत भारती पुष्प–३३

समणसुत्तं - चयनिका

सम्पादक :
डॉ० कमलचन्द सोगाणी
पूर्व प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर (राजस्थान)

प्रकाशक :

प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर
श्री जैन श्वे० नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ, मेवानगर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :

सचिव, प्राकृत भारती अकादमी

१३ - ए, मेन मालवीय नगर,

जयपुर - ३०२०१७

☎ ५२४८२७, ५२४८२८

पारसमल भंसाली

अध्यक्ष, श्री जैन श्वे० नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ,

पोस्ट - मेवानगर : ३४४०२५

स्टेशन - बालोतरा, जिला - बाड़मेर (राज.)

प्रथम संस्करण : १९८५ **द्वितीय संस्करण : १९८८**

तृतीय संस्करण : १९९५ **चतुर्थ संस्करण : १९९६**

पंचम संस्करण : २०००

© प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर (राज.)

मूल्य - ३०.००

मुद्रक : **कमल प्रिन्टर्स, जयपुर**

SAMANSUTTAM CAYANIKA / philosophy

✹ Kamal Chand Sogani, Udaipur

Fifth Edition : 2000 Price Rs. 30.00

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

प्राकृत भारती अकादमी के ३३वें पुष्प के रूप में समणसुत्तं-चयनिका का द्वितीय संस्करण अध्येताओं के कर-कमलों में समर्पित करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

एक प्रश्न बार-बार पूछा जाता रहा है कि क्या कोई एक आधारभूत पुस्तक है जिससे जैन-दर्शन/धर्म की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त की जा सके ?श्रमण भगवान् महावीर के २५सौवें निर्वाण-महोत्सव के वर्ष में इस प्रश्न का समाधान खोजा गया। राष्ट्रसंत **विनोबाजी** की अन्तःप्रेरणा से एक सर्वमान्य ग्रन्थ **समणसुत्तं** तैयार हुआ। निःसंदेह इससे जैन दर्शन-धर्म की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह ग्रन्थ जैन-धर्म के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान कराने में सक्षम है। इस ग्रंथ का सार सर्वसाधारण के लिये सुलभ हो सके, समझ सकें, इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर दर्शन के प्रोफेसर **डॉ० कमलचन्द सोगाणी** ने **समणसुत्तं-चयनिका** तैयार की है। इसमें हिन्दी अनुवाद के साथ १७० गाथाओं का अंग्रेजी अनुवाद भी सम्मिलित है। यह अंग्रेजी अनुवाद प्रथम बार ही किया गया है।

हमें यह कहते हुए हर्ष है कि प्राकृत भारती से डॉ० सोगाणी द्वारा सम्पादित **आचारांग-चयनिका** का प्रथम व द्वितीय संस्करण, **दशवैकालिक-चयनिका, अष्टपाहुड-चयनिका, गीता-चयनिका, वाक्पतिराज की लोकानुभूति** एवं **वज्जालग्ग मे जीवन-मूल्य** प्रकाशित की जा चुकी हैं। इन सफल प्रकाशनों से प्राकृत भाषा के अध्येताओं को

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचारांग आदि आगम-ग्रन्थों एवं प्राकृत साहित्य के हार्द को समझने में काफी सहयोग मिला है। आशा है **समणसुत्तं-चयनिका** का यह परिवर्तित द्वितीय संस्करण भी इसी प्रकार उपयोगी सिद्ध होगा। इसी क्रम में शीघ्र ही **उत्तराध्ययन-चयनिका, सूत्र-कृतांग-चयनिका, परमात्मप्रकाश व योगसार-चयनिका, समयसार-चयनिका** भी प्रकाशित की जावेंगी। प्राकृत भारती अकादमी का विश्वास है कि चयनिकाओं के प्रकाशन से समाज में प्राचीन उच्च साहित्य के अध्ययन में रुचि उत्पन्न हो सकेगी और हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलेगी।

पुस्तक की सुन्दर छपाई के लिये हम एम. एल.प्रिन्टर्स, जोधपुर को धन्यवाद प्रदान करते हैं।

पंचम संस्करण

समणसुत्तं-चयनिका जैन धर्म के एक आधारभूत ग्रन्थ के रूप में वास्तव में स्थापित हो चुकी है, यह बात यह पंचम संस्करण स्वतः सिद्ध करता है। हम अध्येताओं तथा सामान्य पाठकों का आभार प्रकट करते हुए इसे उन्हें समर्पित करते हैं ।

पारसमल भंसाली	**म. विनयसागर**	**देवेन्द्रराज मेहता**
अध्यक्ष,	निदेशक,	संस्थापक,
नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ	प्राकृत भारती अकादमी	प्राकृत भारती अकादमी
मेवानगर	जयपुर	जयपुर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राक्कथन

भगवान् महावीर के 2500 वें निर्वाण-महोत्सव के अवसर पर जैन-धर्म के प्राचीन मूल ग्रंथों में से चुने हुए सूत्रों का संकलन 'समण-सुत्तं' के रूप में प्रकाशित किया गया था, जिससे कि जैन-धर्म के बारे में पूरी जानकारी एक ही ग्रंथ में उपलब्ध हो सके। इस संकलन की उपयोगिता के कारण इसका चारों ओर से स्वागत किया गया। इसमें संकलित सभी सूत्र प्राकृत भाषा में हैं और सुबोधता के लिए साथ में अनुवाद भी दिया गया है। ग्रन्थ में सैद्धान्तिक सूक्ष्मताएं भी जगह-जगह पर प्राप्त होती हैं और प्राकृत भाषा को समझना भी सबके लिए सरल नहीं है। वैसे ग्रंथ का प्रमाण भी बड़ा है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत 'समणसुत्त' चयनिका की अपनी ही विशिष्टता है। मूल ग्रंथ के 756 सूत्रों में से इसमें मात्र 170 सूत्र चुने गये हैं, जो जैन-धर्म के मूल तथ्यों का प्रतिपादन तो करते हैं, परन्तु उनमें कहीं पर भी साम्प्रदायिकता नहीं झलकती है। चाहे जैन हों या अजैन सबके लिए यह समानरूप से उपयोगी है, क्योंकि यह 'आत्म-धर्म' क्या है? उसके बारे में विशद जानकारी प्रस्तुत करता है। इसे हम लघु 'धम्मपद' की संज्ञा दे सकते हैं। साथ ही साथ सूत्रों के प्रत्येक प्राप्त शब्द-रूप को एक नये ही ढंग से 'व्याकरणिक विश्लेषण' में इस तरह समझाया गया है कि किसी भी अप्राकृतभाषी अध्येता के लिए वह सरलता से ग्राह्य है। सूत्रों के हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी अनुवाद से अहिन्दी एवं विदेशी लोगों के लिए भी यह ग्रंथ उपयोगी बन गया है। सूत्रों के आधार से इस ग्रंथ में आगे दी गयी 'वाक्य मणियां' सूक्तियों के समान उपयोगी बन पड़ी हैं। विद्वान् लेखक प्राचीन मूल ग्रंथों की जटिलताओं को तोड़कर अपनी चयनिकाओं द्वारा धार्मिक एवं

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लौकिक उपदेशों को जनसाधारण तक पहुंचाने का जो प्रयत्न कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है और आशा है कि प्राकृत भाषा के प्राचीन एवं महत्वपूर्ण औपदेशिक ग्रन्थों की ऐसी चयनिकाएं उनके द्वारा प्रकाश में आती रहेंगी।

अहमदाबाद
3-8-85

डॉ. के. आर. चन्द्र
अध्यक्ष
प्राकृत-पालि विभाग
गुजरात विश्वविद्यालय

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ
1. प्रकाशकीय	
2. प्राक्कथन	
3. प्रस्तावना	i-xxiii
4. गाथाएँ एवं हिन्दी अनुवाद	2-63
5. चयनिका की वाक्य मणियाँ	64-70
6. अंग्रेजी अनुवाद	71-101
7. संकेत-सूची	102-103
8. व्याकरणिक विश्लेषण	104-151
9. समणसुत्तं चयनिका एवं गाथा क्रम	152-154
10. सहायक पुस्तकें एवं कोश	155

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

यह सर्व विदित है कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही रंगों को देखता है, स्पर्शों का अनुभव करता है, स्वादों को चखता है तथा गंधों को ग्रहण करता है। इस तरह उसकी सभी इन्द्रियां सक्रिय होती हैं। वह जानता है कि उसके चारों ओर पहाड़ हैं, तालाब हैं, वृक्ष हैं, मकान हैं, मिट्टी के टीले हैं, पत्थर हैं इत्यादि। आकाश में वह सूर्य, चन्द्रमा और तारों को देखता है। ये सभी वस्तुएँ उसके तथ्यात्मक जगत् का निर्माण करती है। इस प्रकार वह विविध वस्तुओं के बीच अपने को पाता है। उन्हीं वस्तुओं से वह भोजन, पानी, हवा आदि प्राप्त कर अपना जीवन चलाता है। उन वस्तुओं का उपयोग अपने लिये करने के कारण वह वस्तुजगत् का एक प्रकार से सम्राट् बन जाता है। अपनी विविध इच्छाओं की तृप्ति भी बहुत सीमा तक वह वस्तु-जगत् से ही कर लेता है। यह मनुष्य की चेतना का एक आयाम है।

धीरे-धीरे मनुष्य की चेतना एक नया मोड़ लेती है। मनुष्य समझने लगता है कि इस जगत् में उसके जैसे दूसरे मनुष्य भी हैं, जो उसकी तरह हँसते हैं, रोते हैं, सुखी-दुःखी होते हैं। वे उसकी तरह विचारों, भावनाओं और क्रियाओं की अभिव्यक्ति करते हैं। चूँकि मनुष्य अपने चारों ओर की वस्तुओं का उपयोग अपने लिये करने का अभ्यस्त होता है, अतः वह अपनी इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर मनुष्यों का उपयोग भी अपनी आकांक्षाओं और आशाओं की पूर्त्ति के लिए ही करता है। वह चाहने लगता है कि सभी उसी के

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लिए जीएँ। उसकी निगाह में दूसरे मनुष्य वस्तुओं से अधिक कुछ नहीं होते हैं। किन्तु, उसकी यह प्रवृत्ति बहुत समय तक चल नहीं पाती है। इसका कारण स्पष्ट है। दूसरे मनुष्य भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति में रत होते हैं। इसके फलस्वरूप उनमें शक्ति-वृद्धि की महत्त्वाकांक्षा का उदय होता है। जो मनुष्य शक्ति-वृद्धि में सफल होता है, वह दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में समर्थ हो जाता है। पर मनुष्य की यह स्थिति घोर तनाव की स्थिति होती है। अधिकांश मनुष्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस तनाव की स्थिति में गुज़र चुके होते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह तनाव लम्बे समय तक मनुष्य के लिये असहनीय होता है। इस असहनीय तनाव के साथ-साथ मनुष्य कभी न कभी दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में असफल हो जाता है। ये क्षण उसके पुनर्विचार के होते हैं। वह गहराई से मनुष्य-प्रकृति के विषय में सोचना प्रारम्भ करता है, जिसके फलस्वरूप उसमें सहसा प्रत्येक मनुष्य के लिए सम्मान-भाव का उदय होता है। वह अब मनुष्य-मनुष्य की समानता और उसकी स्वतन्त्रता का पोषक बनने लगता है। वह अब उनका अपने लिये उपयोग करने के बजाय अपना उपयोग उनके लिये करना चाहता है। वह उनका शोषण करने के स्थान पर उनके विकास के लिये चिन्तन प्रारम्भ करता है। वह स्व-उदय के बजाय सर्वोदय का इच्छुक हो जाता है। वह सेवा लेने के स्थान पर सेवा करने को महत्व देने लगता है। उसकी यह प्रवृत्ति उसे तनाव-मुक्त कर देती है और वह एक प्रकार से विशिष्ट व्यक्ति बन जाता है। उसमें एक असाधारण अनुभूति का जन्म होता है। इस अनुभूति को ही हम मूल्यों की अनुभूति कहते हैं। वह अब वस्तु-जगत् मे जीते हुए भी मूल्य-जगत् में जीने लगता है। उसका मूल्य-जगत् में जीना धीरे-धीरे गहराई की ओर बढ़ता जाता है। वह अब मानव-मूल्यों की खोज में

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संलग्न हो जाता है। वह मूल्यों के लिये ही जीता है और समाज में उनकी अनुभूति बढ़े इसके लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। यह मनुष्य की चेतना का एक दूसरा आयाम है।

समणसुत्तं में चेतना के इस दूसरे आयाम की सबल अभिव्यक्ति हुई है। नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य ही समाज के लिये अहिंसात्मक आधार-शिला प्रस्तुत करते हैं। समणसुत्तं ऐसे ही सार्वभौमिक मूल्यों का आगार है। इसमें 756 गाथाएँ हैं जो जीवन के विभिन्न पक्षों को उजागर करके मनुष्य को परम शान्ति के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करती हैं। जैसे गीता और धम्मपद सार्वभौमिक मूल्यों को जीवन में प्रतिष्ठित करने के लिए सक्षम हैं, उसी प्रकार (सार्वभौमिक मूल्यों को जीवन से प्रतिष्ठित करने के लिये) समणसुत्तं सक्षम है। मनुष्य के ज्ञानात्मक, भावात्मक और क्रियात्मक विकास के लिए समणसुत्तं का मार्ग-दर्शन जीवन की गहराइयों को अनुभव करने के निमित्त महत्त्वपूर्ण है। केवल बुद्धि का विकास व्यक्तित्व की विषमताओं का निराकरण नहीं कर सकता। बुद्धि के विकास के साथ भावनात्मक विकास ही मनुष्य में सद्-प्रवृत्तियों को जन्म देता है। इनके फलस्वरूप ही समाज समता के प्रकाश से आलोकित हो सकता है। इस तरह से ज्ञान के साथ आचरण मनुष्य को उसके व्यक्तिगत एवं सामाजिक उत्थान के लिये समर्थ बनाता है। समणसुत्तं के चारों खण्डों में ज्ञान और आचरण (चारित्र) के प्रायः सभी बिन्दु समाविष्ट हैं। एक सबल तत्त्वदर्शन पर आधारित अनेकान्तवाद, नयवाद और स्याद्वाद जहाँ वस्तु को अपनी विविधताओं में समझने के लिये बौद्धिक यंत्र हैं। वहाँ श्रावकाचार और श्रमणाचार आत्मा की सजग पृष्ठभूमि में मनुष्य को जीवन की उच्चताओं का साक्षात्कार कराने के लिए समर्थ हैं। अनासक्त-भाव जीने की एक कला है। इसी से जीवन के संघर्षों और मरण की घड़ियों में मनुष्य मानसिक शान्ति बनाए रख सकता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समणसुत्तं का अनुप्रेक्षासूत्र और संलेखनासूत्र जीवन और मरण के प्रति समुचित दृष्टिकोण को अपनाने के लिए मनुष्य को प्रेरित करता है। आत्म-जागृति की भूमिका में ही अनासक्तता पनपती है। समणसुत्तं का सम्यक्त्वसूत्र आत्म-जागृति के महत्व और उससे उत्पन्न लक्षणों पर प्रकाश डालता है। इस तरह से जागरूकतापूर्वक ज्ञान और आचरण ही व्यक्ति में मूल्यात्मक चेतना को गहरी बनाते हैं और ऐसे ही व्यक्तियों के कारण समाज में मूल्यों के प्रति आस्था उत्पन्न होती है।

समणसुत्तं की इन 756 गाथाओं में से ही हमने 170 गाथाओं का चयन 'समणसुत्तं चयनिका' शीर्षक के अन्तर्गत किया है। इस चयन का उद्देश्य पाठकों के सामने समणसुत्तं की उन कुछ गाथाओं को प्रस्तुत करना है जो मनुष्यों में सामाजिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों की चेतना को सघन बना सकें।

गुणात्मक नमस्कार :

समणसुत्तं में पाँच आध्यात्मिक स्तम्भों-अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु—का स्मरण किया गया है। उनके प्रति ही नमन किया गया है। यह नमन अवैयक्तिक है, गुणात्मक है। यह वास्तव में गुणों का स्मरण है और उनके प्रति ही नमन है। गुणों के लिए नमस्कार हमारे में गुणात्मक अनुभूति को सघन करता है। यद्यपि गुण व्यक्ति के सहारे ही होते हैं, फिर भी यहाँ व्यक्ति को नमस्कार न करके गुणों को ही नमस्कार किया गया है। व्यक्ति की महानता गुणों के कारण ही होती है, अतः गुणों को नमस्कार करना उचित ही है। अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु के गुणों की साधना सर्वोपरि साधना कही जा सकती है। ऐसी साधना व्यक्ति के जीवन में सभी दोषों का अन्त कर देती है। इसलिए ऐसा गुणात्मक नमस्कार ही सर्वप्रथम किए जाने योग्य होता है (1, 2)। यदि मनुष्य गुणात्मक दृष्टि अपनाले, तो

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मानववाद वास्तविकता बन सकता है। अतः यह गुणात्मक नमस्कार मानववाद की ओर एक कदम है। गुणात्मक नमस्कार मनुष्य को गुणानुरागी बना सकता है। जातिवाद, प्रान्तवाद, राष्ट्रवाद, वंशवाद, व्यक्तिवाद आदि संकुचितताएँ गुणानुरागी होने से समाप्त हो सकती है। पंच नमस्कार की इस महिमा के कारण ही यह कहा गया है कि ये पाँच आध्यात्मिक स्तम्भ—अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु—कल्याणकारी होते हैं, चारों गतियों में शरण देने वाले होते हैं, तथा आराधना के लिए श्रेष्ठ होते हैं (6)। अरहंत आत्मानुभवी हैं, जीवन-मुक्त हैं एवं संसारी प्राणियों के मार्ग-दर्शक हैं (7)। सिद्ध अशरीरी हैं, विदेह-मुक्त हैं तथा केवल आत्मानुभव में ही लीन हैं (8)। आचार्य पांच महाव्रतों—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को धारण किए हुए हैं तथा सभी विविध दर्शनों को समझने वाले होते हैं (9)। उपाध्याय अज्ञानरूपी अन्धकार का नाश करने के लिए नैतिक आध्यात्मिक मूल्यों का शिक्षण प्रदान करते हैं (10)। साधु शीलवान्, विनयवान् और वैराग्यवान् होते हैं (11)। ओंकार इन्हीं पांचों का संक्षिप्त रूप है (12)। यहां यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि यद्यपि एक दृष्टि से सिद्ध विकास-क्रम में अरहंतों से श्रेष्ठ है तो भी अरहंतों को ही सर्वप्रथम नमस्कार क्यों किया गया है? इसके उत्तर में यह कहा जा सकता है कि अरहंत परम आत्मा का अनुभव करने के पश्चात् भी लोक-कल्याण में संलग्न रहते हैं और सिद्ध अशरीरी होने के कारण लोक-कल्याण नहीं कर सकते हैं। चूंकि अरहंत लोकोपकारी होते हैं, इसलिए सर्वप्रथम नमस्कार के योग्य हैं। समाज को दिशा देने वाले अरहंत होते हैं, मूल्यात्मक संस्कृति के वे निर्माता होते हैं, इसलिए उनको सर्वप्रथम नमन किया गया है। यद्यपि अरहंत और सिद्ध आत्मानुभव की दृष्टि से एक ही हैं, फिर भी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अरहंत सशरीरी होने के कारण समाज में मूल्यात्मक चेतना के विकास के लिए कटिबद्ध रहते हैं। अरहंत उच्चतम आत्मानुभव और लोक-कल्याण की मूर्ति हैं। अरहंत की प्रतिष्ठा आत्मानुभव और परार्थ-दोनों ही प्रतिष्ठा है। अरहंत की भक्ति केवलज्ञान के साथ लोक-कल्याणात्मक चेतना को अपने में जगाने की प्रक्रिया है। अरहंत और सिद्ध देव हैं, किन्तु अरहंत गुरु भी हैं। देवत्व और गुरुत्व ये दोनों विशेषताएँ अरहंत को सुशोभित करती हैं। अतः अरहंत को सर्वप्रथम नमस्कार किया गया है।

गुणात्मक शरण :

हम सभी एक दूसरे के सहारे से जीते हैं। किन्तु, मानसिक शांति के लिये ये सहारे अपर्याप्त होते हैं। अतः अरहंतों, सिद्धों और साधुओं की शरण में जाने की आकांक्षा व्यक्त की गई है (5)। जहां यह सम्भव न हो, वहां आत्मानुभवी की वाणी की शरण उपयोगी हो सकती है (5)। इसीलिए आत्मानुभवी और प्राणियों के मार्ग-दर्शक व्यक्ति की वाणी को प्रणाम किया गया है (13)। किन्तु, ऐसी वाणी का व्याख्याता गुणवान्, गम्भीर, आभायुक्त, सौम्य तथा सिद्धान्त की समझ से युक्त व्यक्ति होना चाहिए (14)। यहां यह जानने योग्य है कि गुणात्मक शरण गुणात्मक अनुभूति की जनक है और गुणियों की खोज में मनुष्य को संलग्न करती है। गुणों की शरण से आत्म-जागृति उत्पन्न होती है। यह निश्चित है कि जो जिसकी शरण में जाता है, वह धीरे धीरे वैसा ही बनने लगता है। वह उसके गुणों को आत्मसात् कर लेता है। जब शरण समर्पण बनती है तो अहं का विसर्जन हो जाता है, जिससे व्यक्तित्व का रूपान्तरण सम्भव होता है। इस प्रकार का व्यक्ति आत्मा के आलोक में जीता है और सदैव लोक-कल्याण में संलग्न रहता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जीवन का आदर्श :

गुणात्मक नमस्कार और गुणात्मक शरण से यह फलित होता है कि अरहंत-अवस्था और सिद्ध-अवस्था की प्राप्ति मानव-जीवन का आदर्श है। इसी को समता की प्राप्ति की अवस्था कहा गया है (139)। यह हर्ष-शोकादि द्वन्द्वों से परे क्षोभ-रहित अवस्था है। यही मोहरहित अवस्था है (139)। चारित्र की इसी अवस्था में धर्म अपने वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होता है (139)। यहां पर यह समझना चाहिए कि समता की प्राप्ति ही शुद्धोपयोग की प्राप्ति है, निर्वाण की प्राप्ति है तथा परम आत्मा की प्राप्ति है। समतामय जीवन ही पूर्ण अहिंसा व पूर्ण अनासक्तता का जीवन है (82,84,138)। समता के अभाव में मनुष्य मानसिक तनाव से ग्रसित होता है। इस कारण से उसके कर्म-बन्धन होता है। इस कर्म-बन्धन के फलस्वरूप वह बार-बार जन्म लेता रहा है (23) और उसका मानसिक तनाव बना रहता है। यह मानसिक तनाव कभी शुभ कर्मों में प्रकट होता है और कभी अशुभ कर्मों में। समणसुत्तं का कहना है कि जैसे काले लोहे से बनी हुई बेड़ी व्यक्ति को बांधती है और सोने की बेड़ी भी व्यक्ति को बांधती है, वैसे ही जीव के द्वारा किया हुआ मानसिक व्यग्रतात्मक शुभ-अशुभ कर्म भी जीव को बाँधता है। इसलिए समणसुत्तं का शिक्षण है कि मानसिक तनाव उत्पन्न करने वाले शुभ-अशुभ कर्मों के साथ बिल्कुल राग मत करो और उनके साथ सम्पर्क भी मत रक्खो, क्योंकि आत्मा का स्वतन्त्र स्वभाव उनके साथ सम्पर्क और उनके साथ राग से व्यर्थ हो जाता है (110)। अनासक्ति का जीवन ही इस मानसिक तनाव का अन्त कर सकता है। इसलिए जिस कारण से अनासक्ति उत्पन्न होती है, वह पूर्ण सावधानी से पालन किया जाना चाहिए। श्रेष्ठ अनासक्त व्यक्ति कर्म-बन्धन से छुटकारा पा जाता है। किन्तु, आसक्त व्यक्ति कर्म-बंधन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

का अन्त करने वाला नहीं होता है (37)। जो व्यक्ति आसक्ति से रहित है और आत्मा में एकाग्रचित्त है, वह व्यक्ति स्वभाव से आत्मा को जानता-देखता है और वह निश्चय ही आध्यात्मिक चारित्र (समता) का आचरण करता है (138)। जिस व्यक्ति के लिए सुख-दुःख समान होते हैं, उसमें किसी भी वस्तु के प्रति राग-द्वेष नहीं रहता है। इसके फलस्वरूप उसमें कर्मों का प्रवेश नहीं होता है (143) सच तो यह है कि ज्ञानी व्यक्ति अकर्म (अनासक्त कर्म) से कर्म-बन्धन को नष्ट कर देते हैं (90)। अतः कहा जा सकता है कि समता की प्राप्ति जीवन का आदर्श है।

जीवन में सार-असार की समझ :

मनुष्य जीवन में जो कुछ करता है, भोगता है, वह उसे सार समझ कर ही करता-भोगता है। इस संसार में जो कुछ वह प्राप्त करता है, उससे न वह पूरी तरह से तृप्त होता है और न ही सदा के लिए सन्तुष्ट। इस तरह से उसकी आशा के विपरीत असार ही उसके हाथ लगता है, जिसके परिणाम स्वरूप वह आन्तरिक रूप से व्याकुल ही बना रहता है। अनुभव के परिपक्व होने पर वह यह सोचने को बाध्य हो जाता है कि जैसे केले के पेड़ में कहीं सार नहीं होता है, वैसे ही इन्द्रिय-विषयों में कहीं सुख नहीं होता है (19)। इन्द्रिय-भोग क्षणभर के लिए सुखमय तथा बहुत समय के लिए दुःखमय होते हैं, अति दुःखमय और अल्प सुखमय होते हैं (18)। इन्द्रिय-विषयों को भोगना खाज को खुजाने के समान है (20)। उसमें यह विचार पैदा होता है कि बुढ़ापा, बीमारियाँ और मरण—ये सभी दुःखरूप हैं (26)। इच्छाओं की पूर्त्ति करते करते वह समझने लगता है कि इच्छा की पूर्त्ति सुख तो पैदा करती है, पर वह दूसरी इच्छा को जन्म दे जाती है। इस तरह से इच्छा-पूर्त्ति का यह क्रम चलता रहता है,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्योंकि इच्छाएँ आकाश के समान अन्तरहित होती हैं (48)। सच तो यह है कि मनुष्यों का मानसिक दुःख इच्छाओं में अत्यासक्ति से उत्पन्न होता है (36)। इतना होने पर भी जब जीवन में सार के दर्शन नहीं होते, तो मनुष्य असार में ही डूबता जाता है और उससे इतना एकीकरण कर लेता है कि उसे असार ही सार के सदृश लगने लगता है। ठीक ही कहा है, जन्म; जरा-मरण से उत्पन्न दुःख (यद्यपि) जाना जाता है, विचारा जाता है, फिर भी विषयों से निर्लिप्त नहीं हुआ जाता है। आश्चर्य ! मनुष्य के द्वारा मूर्च्छा की गांठ दृढ़ बाँधी हुई है (22)। असार में निमग्नता के कारण व्यक्ति की दृष्टि में विपरीतता उत्पन्न हो जाती है। (30)। इस कारण वह इन्द्रियों को ही परम सत्य मानने लग जाता है और देह-दृष्टि में लीन रहता है (31,102)। इसके फलस्वरूप उसकी असार में रुचि दृढ़ हो जाती है। असार में रुचि रखने वाला व्यक्ति मिथ्यादृष्टि होता है, उसे बहिरात्मा भी कहते हैं (31,102)। यह उसकी आत्म-विस्मृति की अवस्था है। आत्म-जागृति ही सार का दर्शन है। समता में रुचि ही सार में रुचि है। यह ही सम्यग्दर्शन (सम्यक्त्व) है। सार का दर्शन करने वाला व्यक्ति सम्यग्दृष्टि होता है, उसे अन्तरात्मा भी कहते हैं (102,117)। यह व्यक्ति देह और आत्मा में भेद करते हुए आत्म-दृष्टि को महत्व देता है (38,102)। अतः समणसुत्तं का शिक्षण है कि शरीर से ममता को दूर हटाओ (38)। सम्यक्त्व का महत्व समझते हुए समणसुत्तं का कहना है कि सम्यक्त्व से रहित व्यक्ति अत्यन्त कठोर तप करते हुए भी अध्यात्म के लाभ को हजारों-करोड़ों वर्षों में भी प्राप्त नहीं करते हैं (118)। जिसके द्वारा आध्यात्मिक जागृति प्राप्त की गई है, वह ही अद्वितीय है, चूंकि वह ही समता को प्राप्त करता है (119)। सार में रुचि। समता में रुचि। आध्यात्मिक जागृति। आत्म-जागृति होने पर असार का महान् संग्रह भी चाहे वह

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सारा लोक ही क्यों न हो, मनुष्य को आकर्षित नहीं कर पाता है (120)। आध्यात्मिक जागृति व्यक्ति को निर्भय बनाती है। विनश्वर शरीर से एकीकरण भय को जन्म देता है। लोक-भय, परलोक-भय अरक्षा-भय, संयमहीन होने का भय, मृत्यु-भय, वेदना-भय, और अकस्मात्-भय शरीर और मन स्तर पर ही होते हैं। आध्यात्मिक जागृति। आत्म-जागृति होने के पश्चात् शरीर और मन के सहारे होने वाले भय विदा हो जाते हैं (123)। आध्यात्मिक जागृति का जीवन में महत्व होने के कारण ही यह कहा गया है कि जागरूकता अध्यात्म की माता है, इसी से अध्यात्म की वृद्धि और रक्षा होती है (156)। इसलिए कहा गया है कि व्यक्ति जागरूकतापूर्वक चले, जागरूकता-पूर्वक खड़ा रहे, बैठे और सोए, उसी प्रकार बोले और भोजन करे (157)। समणसुत्तं का आह्वान है कि हे मनुष्यों ! तुम निरन्तर जागो (आध्यात्मिक मूल्यों में सजग रहो), जागते हुए (आध्यात्मिक) मूल्यों में सजग (व्यक्ति) की प्रतिभा बढ़ती है, जो व्यक्ति सोता है (आध्यात्मिक मूल्यों को भूला हुआ है),वह सुखी नहीं होता है जो सदा जागता है (आध्यात्मिक मूल्यों में सजग है) वह सुखी होता है (92)। समणसुत्तं का दृढ़ विश्वास प्रतीत होता है कि सोते हुए (आध्यात्मिक मूल्यों को भूले हुए) व्यक्तियों के लोकातीत परमार्थ और लोक में सर्वोत्तम प्रयोजन– दोनों ही नष्ट हो जाते हैं (87)।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि समता में रूचि ही सम्यग्दर्शन है जो समता में रूचि है वही आध्यात्मिक जागृति है। समता जीवन का सार है, यही जीवन आ आदर्श है। जो निषेधात्मक दृष्टि से पूर्ण तनाव-मुक्ति है, वही स्वीकारात्मक दृष्टि से पूर्ण समता की प्राप्ति है। अतः पूर्ण समता की प्राप्ति में रुचि को सम्यग्दर्शन कहा जा सकता है। इससे शाश्वत आत्मा में श्रद्धा उत्पन्न होती है। यहाँ यह समझना चाहिए कि सार में रुचि होने पर सार-असार की समझ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गहरी और स्पष्ट होती है। यही सम्यक्ज्ञान है। कर्म-रज से मुक्त होने के लिए राग से छुटकारा पाने के लिए, चित्त को संयमित करने के लिए, सद्गुणों में अनुरक्त होने के लिए तथा जीवों से मैत्री उत्पन्न करने के लिए ज्ञान मनुष्य को प्रेरित करता है (129,130)। ज्ञान से ध्यान की सिद्धि होती है, ध्यान से सब कर्मों का नाश होता है, कर्मों के नाश का फल परम शान्ति है, इसलिए ज्ञान का अभ्यास किया जाना चाहिए (158)। समणसुत्तं के अनुसार जो आत्मा को न बँधी हुई और न कर्मों के द्वारा मलिन की हुई समझता है, जो इसके अनुभव को अद्वितीय समझता है, जो इसको अंतरंगरूप से भेदरहित समझता है, जो इसको क्षेत्ररहित, परिभाषारहित, तथा मध्यरहित समझता है वह जिन-शासन को समझता है (131)। यह आत्मा रसरहित, रूपरहित, गंधरहित तथा शब्दरहित होता है; चेतना उसका गुण है, वह अदृश्यमान रहता है (105)। वह अनुभव से ही जाना जाता है। अतः समणसुत्तं का शिक्षण है कि व्यक्ति आत्म-ज्ञान में ही संलग्न रहे, इसमें ही सदा सन्तुष्ट हो, इससे ही तृप्त हो (132)। जैसे कोई व्यक्ति परोपकार के द्वारा यशरूपी निधि को प्राप्त करके उसके फल को अनुभव करता है, उसी प्रकार ज्ञानी पर से तृप्ति की आदत को त्यागकर आत्म-ज्ञानरूपी निधि के फल को अनुभव करता है (133)। यहाँ यह समझना चाहिए कि आत्मा में रागादि का उत्पन्न न होना अहिंसकता है और उनका उत्पन्न होना हिंसा है (82)। इस तरह से आत्मा ही अहिंसा है (84)।

साधना की भूमिका :

मनुष्य में सम्यक्ज्ञान के उदय होने पर उसे ज्ञात होता है कि विविधताओं से भरे हुए इस जगत् में प्रत्येक आत्मा (जीव) अपने सुख-दुःख का कर्ता स्वयं ही होता है। वह स्वयं ही अपना मित्र है और स्वयं ही अपना शत्रु है। न जीता हुआ आत्मा ही स्वयं का शत्रु होता

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

है । थोड़ा विस्तार से कहा जाय तो कषाएँ और इन्द्रिय-विषयासक्ति ही स्वयं की शत्रु होती है। (62)। इस तरह से अशुभ में स्थित आत्मा स्वयं ही अपना शत्रु है और शुभ में स्थित आत्मा अपना ही मित्र है (61)। सुख-दुःख के मूल में आत्मा (जीव) के द्वारा किए हुए अपने कर्म हैं, जिन्हें वह स्वाधीनतापूर्वक चुनता है, किन्तु उनका फल भोगते समय वह (हुए कर्म-बन्धन के कारण) पराधीन हो जाता है, जैसे कि जब कोई पेड़ पर चढ़ता है तो स्वाधीन होता है, किन्तु जब वह उससे गिरता है तो पराधीन हो जाता है (28)। जीव के कर्मों का बन्धन भावानुसार होता है (27)। इसलिए कहा गया है कि यदि कोई प्राणियों की हिंसा करे या न भी कर पाये तो भी हिंसा के भाव से ही कर्म का बन्धन हो जाता है। यही कर्म-बन्ध का संक्षेप्त है (83)। अतः समणसुत्तं का शिक्षण है कि व्यक्ति अंतरंग राग-द्वेष से ही युद्ध करे, जगत् में बाह्य व्यक्तियों से युद्ध करने से क्या लाभ है? (64)। यह सच है कि आत्मा (मन) को वश में (संयमित) करना अत्यन्त कठिन है, तो भी यह उचित है कि आत्मा (मन) ही वश में (संयमित) किया जाना चाहिए (65) जो व्यक्ति कठिनाई से जीते जाने वाले संग्राम में हजारों के द्वारा हजारों को जीते और जो एक स्व को जीते तो उसकी यह स्व पर जीत परम विजय है (63), इससे जीवन में सुख की वृद्धि होती है। यहाँ यह समझना चाहिए कि जैसे थोड़ा सा ऋण, थोड़ा सा घाव तथा थोड़ी सी अग्नि कष्टदायक होती है, उसी प्रकार थोड़ी सी कषाय (राग-द्वेष) दुःख दे जाता है। उसे थोड़ा सा समझकर उसकी अवहेलना नहीं करनी चाहिए (69)।

जीवन में विकास, ज्ञान और चारित्र के सम्मिलित प्रयास से ही संभव है। जो चारित्र के बिना ज्ञान का अभ्यास करता है, जो मन की एकाग्रता के बिना तपस्या करता है, वह सब उस व्यक्ति के लिए

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

निरर्थक होता है (113)। अनाध्यात्मवादी के जीवन में (सम्यक्) ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है। (सम्यक्) ज्ञान के बिना चारित्र में विशिष्टताएँ उत्पन्न नहीं होती हैं। चारित्र-रहित व्यक्ति के लिए कर्मों से छुटकारा संभव नहीं है और कर्मों से छुटकारे-रहित व्यक्ति के लिए जीवन में समता घटित नहीं होती है (114)। सच है कि क्रिया-हीन (चारित्र-हीन) ज्ञान निकम्मा होता है, तथा अज्ञान से की हुई क्रिया भी निकम्मी होती है। प्रसिद्ध है कि आंख से देखता हुआ लंगड़ा व्यक्ति आग से भस्म हुआ और पंरों से दौड़ता हुआ भी अन्धा व्यक्ति आग से भस्म हुआ (115)। अतः ज्ञान और क्रिया (चारित्र) का संयोग सिद्ध होने पर फल प्राप्त होता है क्योंकि ज्ञान अथवा क्रियारूपी एक पहिए से साधनारूपी रथ नहीं चलता है। जब अंधा और लंगड़ा दोनों जंगल में मिले तो आग से बचकर नगर में गए (116)। इसी प्रकार ज्ञान और चारित्र के संयोग से ही मनुष्य साधना मार्ग पर आगे बढता है। व्यक्ति के जीवन में सत्क्रिया (चारित्र) के अभाव के कारण ही ज्ञान चाही गई शांति को प्राप्त कराने वाला नहीं होता है, जैसे कि ज्ञान-मार्ग के जानकार व्यक्ति को जो प्रयत्न-रहित होता है इच्छित स्थान की ओर ले जाने वाला नहीं होता है या जैसे कि वायुरहित नौका व्यक्ति को इच्छित स्थान की ओर ले जाने वाली नहीं होती है (134)। अतः स्पष्ट है कि ज्ञानपूर्वक चारित्र ही श्रेष्ठ होता है और चारित्र सहित ज्ञान ही कार्यकारी होता है।

यहां यह समझना चाहिए कि ज्ञान एक शब्दातीत समझ है, उसका शब्दों की शिक्षा और शब्द-प्रयोग में प्रवीणता से कोई विशेष संबंध नहीं है। इसीलिए कहा है कि जो चारित्र-युक्त है, वह अल्प शिक्षित होने पर भी विद्वान् को मात कर देता है, किन्तु जो चारित्र-हीन है उसके लिए बहुत विद्वान् होने से भी क्या लाभ है, (136) ?

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चारित्रहीन व्यक्ति का कोरा विद्वान् होना क्या प्रयोजन सिद्ध करेगा ? जैसे कि अन्धे व्यक्ति के द्वारा जलाए गए भी लाखों-करोड़ों दीपक उसके लिए क्या प्रयोजन सिद्ध करेंगे (135) ? अतः कहा गया है कि चारित्र ही धर्म है (139)। इसलिए जब तक किसी को बुढापा नहीं सताता है, जब तक किसी को रोग नहीं बढता है, जब तक किसी कि इन्द्रियां क्षीण नहीं होती है तब तक उसको धर्म (नैतिक-आध्यात्मिक चारित्र) का आचरण कर लेना चाहिए (152)। चारित्र का प्रभाव जीवन में गहरा होता है। इसलिए जैसे धागे-युक्त सूई कूड़े में पड़ी हुई भी नहीं खोती है, वैसे ही संसार में स्थित भी नियम-युक्त (चारित्र-युक्त) व्यक्ति बर्बाद नहीं होता है (128)। जरा-मरण के प्रवाह के द्वारा बहा कर ले जाते हुए मनुष्यों के लिए धर्म (चारित्र) टापू (आश्रय गृह) (है), सहारा (है), रक्षास्थल (है) तथा उत्तम शरण (है) (163)।

सदाचरण का सार :

मनुष्य समाज में रहता है। विभिन्न मनुष्यों और प्राणियों के बीच ही उसके आचरण की परीक्षा होती है। प्रश्न यह है कि आचरण कैसा किया जाए। समणसुत्तं का शिक्षण है कि तुम स्वयं से स्वयं के लिए जो कुछ चाहते हो और तुम स्वयं से स्वयं के लिए जो कुछ नहीं चाहते हो, क्रमशः उसको तुम दूसरों के लिए चाहो और न चाहो (15)। जैसे तुम्हारे अपने लिए दुःख प्रिय नहीं है, इसी प्रकार दूसरे सब जीवों के लिए जानकर उचित रूप से सब जीवों से स्नेह करो तथा अपने से तुलना के द्वारा उनके प्रति सहानुभूति रक्खो (79)। हिंसा से बचने के लिए समणसुत्तं का शिक्षण है कि तू वह ही है जिसको तू मारे जाने योग्य मानता है। तू वह ही है जिसको तू शासित किए जाने योग्य मानता है (81)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

साधना का मार्ग व उपलब्धि :

सर्व प्रथम यह समझना चाहिए कि अहंकारी, क्रोध, प्रमादी, रोगी और आलसी (साधना) की शिक्षा के योग्य नहीं होते है, (94) किन्तु जो शुभ प्रवृत्ति वाला है, जो स्नेहशील है, जो दूसरों की भलाई करने वाला है, जो मधुर बोलने वाला है, वह (साधना की) शिक्षा प्राप्त करने के योग्य होता है (98)। साधना में क्रियाशील होने के लिए संयम में प्रवृत्ति और असंयम से निवृत्ति आवश्यक है (67)। साधक के द्वारा शुभ कर्म से अशुभ कर्म रोका जाना चाहिए तथा आत्मानुभव से शुभ कर्म भी रोका जाना चाहिए। इसी क्रम से साधक आगे बढे (146)। साधना में वास्तविकता आन्तरिक शुद्धि से प्रकट होती है। आन्तरिक शुद्धि से बाह्य शुद्धि भी आवश्यक रूप से होती है। आन्तरिक अशुद्धि से ही मनुष्य बाह्य दोषों को करता है। (144)। कामुकता, अहंकार, मायाचार और लोभ से रहित व्यक्ति के भावों में निर्मलता होती है (145)। साधना के लिए त्यागमय जीवन आवश्यक है। जो संसार, शरीर तथा इन्द्रिय-विषय की नश्वरता का चिन्तन करता है उस व्यक्ति के जीवन में त्याग घटित होता है (51)। जो प्राप्त किए गए मनोहर और प्रिय भोगों को पीठ करता है तथा स्व. अधीन भोगों को छोड़ता है वही त्यागी है (52)। इसके लिए इन्द्रियों का संयम किया जाना चाहिए। जैसे हाथी के लिए अंकुश है तथा नगर के लिए खाई है, वैसे ही इन्द्रियों का संयम करने के लिए परिग्रह का त्याग है (76)। जैसे लगाम के द्वारा घोड़े रोके जाते हैं, उसी प्रकार तपस्या से इन्द्रिय-विषय और कषाएँ रोकी जाती हैं (68)।

अनासक्ति के अभ्यास से साधना में सरलता होती है। साधक सोचे कि वह परमार्थतः सर्वोच्च और शुद्ध आत्मा है। अतः परमाणु मात्र भी वस्तु उसकी नहीं है (53)। जो ममता वाली-वस्तु-बुद्धि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

को छोड़ता है, वह ममता वाली वस्तु को छोड़ता है; जिसके लिए कोई ममता वाली वस्तु नहीं है। वह ही ऐसा ज्ञानी है जिसके द्वारा अध्यात्म-पथ जाना गया है (74)। सर्व परिग्रह से रहित व्यक्ति सदा शान्त और प्रसन्नचित्त होता है (75)। जिसके जीवन में आसक्ति नहीं होती है, उसके द्वारा दुःख नष्ट कर दिया गया है, जिसके जीवन में तृष्णा नहीं होती है, उसके द्वारा आसक्ति नष्ट कर दी गई है; जिसके जीवन में लोभ नहीं होता है, उसके द्वारा तृष्णा नष्ट की गई है; जिसके पास कुछ भी वस्तुएँ नहीं हैं, उसके द्वारा लोभ नष्ट किया गया है (56)। जिनके लिए कुछ भी अपना नहीं है, वे सुखपूर्वक रहते हैं। राजा जनक ने कहा था कि जलाई जाती हुई मिथिला में उसका कुछ भी नहीं जलाया जाता है (54)। सच यह है कि वस्तु-जगत् से विरक्त मनुष्य दुःख रहित होता है, संसार के मध्य में विद्यमान भी वह दुःख से मलिन नहीं किया जाता है, जैसे कमलिनी का पत्ता जल से मलिन नहीं किया जाता है (39)। सभी मनुष्यों का जो कुछ भी मानसिक दुःख है, वह इच्छाओं में अत्यासक्ति से उत्पन्न होता है, किन्तु वीतराग उसका नाश कर देता है (36)। इसलिए जिस कारण से अनासक्ति उत्पन्न होती है, वह पूर्ण सावधानी से पालन किया जाना चाहिए। श्रेष्ठ अनासक्त व्यक्ति कर्म-बन्धन से छुटकारा पा जाता है। आसक्त व्यक्ति कर्म-बन्धन का अन्त करने वाला नहीं होता है (37)।

जीवन में सद्गुणों का विकास भी साधना के लिए अनिवार्य है। सचमुच ज्ञानी होने का यही सार है कि ज्ञानी किसी की भी हिंसा नहीं करता है (77)। सब ही जीव जीने की इच्छा करते हैं, मरने की नहीं, इसलिए संयत व्यक्ति पीड़ादायक प्राणवध का परित्याग करते हैं (78)। जैसे जगत् में मेरु पर्वत से ऊँचा कुछ नहीं है, और आकाश से विस्तृत भी कुछ नहीं है, वैसे ही अहिंसा के समान जगत्

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

में श्रेष्ठ और व्यापक धर्म नहीं है (85)। जो अप्रमादी होता है, वह अहिंसक होता है, जो प्रमादी होता है, वह हिंसक होता है (84)। जैसे तुम्हारे अपने लिए दुःख प्रिय नहीं है, इसी प्रकार दूसरे सब जीवों के लिए जानकर उचित रूप से सब जीवों से स्नेह करो तथा अपने से तुलना के द्वारा उनके प्रति सहानुभूति रक्खो (79)। जीव का घात खुद का घात होता है, जीव के लिए दया खुद के लिए दया होती है; उस कारण से आत्म-स्वरूप को चाहने वालों के द्वारा सब जीवों की हिंसा छोड़ी हुई है (80)। हिंसा से बचने के लिए समणसुत्तं का शिक्षण है कि तू वह ही है जिसको तू मारे जाने योग्य मानता है। तू वही है जिसको तू शासित किए जाने योग्य मानता है। (81)। जैसे जल में उत्पन्न कमल पानी से नहीं लीपा जाता है, उसी प्रकार इच्छाओं के द्वारा जो व्यक्ति नहीं लीपा जाता हैं, उसको हम अहिंसक कहते हैं (55)। आत्मा में रागादि का उत्पन्न न होना अहिंसा है। उनकी उत्पत्ति हिंसा है (82)। अहिंसा के साथ सत्य बोलने का अभ्यास भी महत्वपूर्ण है। जो पर में दुःख-जनक मानसिक स्थिति का कारण है, उस वचन को छोड़कर जो साधु या श्रावक स्व-पर के लिए हितकारक वचन बोलता है उसके जीवन में सत्य होता है (45)। सत्यवक्ता मनुष्य-लोक में माता की तरह विश्वसनीय, गुरु की तरह पूज्य तथा स्वजन की तरह सबका प्रिय होता है (46)। सत्य बोलने में तप होता है, सत्य बोलने में संयम होता है, सत्य बोलना ही सब सद्गुणों का आधार होता है, जैसे मछलियों के लिए आधार जल का भंडार होता है (47)। जैसे एक ओर अहिंसा और सत्य वचन का अभ्यास सद्गुणों के विकास के लिए आवश्यक है, वहाँ दूसरी ओर कामुकता, क्रोध, लोभ और कुटिलता का त्याग भी व्यक्ति को सद्गुणी बनाता है। यदि व्यक्ति कामासक्ति को पार करके समाज

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

में जीता है, तो उसकी शेष आसक्तियाँ भी समाप्त हो जाती हैं। सच है, महासागर को पार करके जो बाहर आया है, उसके लिए गंगा के समान नदियों को भी पार करना सरल हो जाता है (57)। मनुष्यों, देवों और पशुओं द्वारा किए हुए भीषण उपसर्ग के अवसर पर भी जो क्रोध के द्वारा तपाया नहीं जाता है, उस व्यक्ति के जीवन में निर्मल क्षमा होती है (42)। लोभी मनुष्य के लिए कदाचित् कैलाश पर्वत के समान सोने-चाँदी के असंख्य पर्वत भी हो जाएँ, तो भी उनके द्वारा उसकी कुछ भी तृप्ति नहीं होती है, क्योंकि इच्छा आकाश के समान अन्तरहित होती है (48)। जो पूर्ण संतोषरूपी जल से तीव्र लोभरूपी मल-समूह को धोता है, तो उस व्यक्ति के जीवन में निर्मल शौचधर्म होता है (49)। जो व्यक्ति कुटिल बात नहीं सोचता है, कुटिल कार्य नहीं करता है, कुटिल वचन नहीं बोलता है तथा जो निज दोष को नहीं छुपाता है, उसके जीवन में आर्जव (सरलता) धर्म होता है (44)। इसको अस्वीकार नहीं किया जा सकता है कि साधक के जीवन में विनय का महत्व है। अविनीत के जीवन में अनर्थ होता है और विनीत के जीवन में समृद्धि होती है। इस बात को समझकर साधक विनय को ग्रहण करता है (93)। बौद्धिक उदारता व्यक्ति को संकुचित होने से बचाती है। इसके द्वारा व्यक्ति सत्य के विभिन्न पक्षों को विभिन्न दृष्टियों से देख सकता है। विभिन्न दृष्टियों से वस्तु को समझना अनेकान्तवाद है (166)। यह सिद्धान्त साधक के लिए विभिन्न धर्मों में निहित सत्य को समझने में सहायक होता है। अपने में सेवा के सद्गुण को विकसित करने के लिए साधक को आहार-दान, औषध-दान शास्त्र-दान तथा अभय-दान देना चाहिए। यह दान गृहस्थ की विशेषता है। साधक को समझना चाहिए कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार विनय का नाशक होता है, कपट मित्रों को दूर हटाता है

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

और लोभ सब गुणों का विनाशक होता है (70)। अतः समणसुत्तं का कहना है कि साधक क्षमा से क्रोध को नष्ट करें; विनय से अहं-कार को जीते, सरलता से कपट को तथा संतोष से लोभ को जीते (71)।

साधना में दृढ़ता लाने के लिए आहार, आसन और निद्रा पर विजय प्राप्त करना चाहिए (147)। साधक परिमित एवं ग्रहण करने योग्य आहार को चाहे (149)। जो साधक साधना के लिए हितकारी आहार से, हितकारी में भी सीमित आहार से और सीमित में भी अल्प आहार से सन्तुष्ट होते हैं, उनको चिकित्सा की आवश्यकता नहीं पड़ती है। वे अपने मन के ही चिकित्सक होते हैं (150)। विकृतियों से रहित आवास के कारण तथा नियन्त्रित आसन के कारण, अल्प मात्रा में आहार करने के कारण और संयमित की हुई इन्द्रियों के कारण आसक्तिरूपी शत्रु साधक के मन को विचलित नहीं करता है, जैसे औषधियों द्वारा नष्ट किया हुआ व्याधिरूपी शत्रु व्यक्ति पर आक्रमण नहीं करता है (151)।

ध्यान और स्वाध्याय से साधना आगे बढ़ती है और पूर्णता तक पहुँच जाती है। साधकों द्वारा बहिरात्मा को छोड़कर अन्तरात्मा के द्वारा परम आत्मा ध्याया जाता है (104)। इन्द्रिय-भोग तथा कषायों में संयम-भाव को धारण करके जो ध्यान और स्वाध्याय के द्वारा आत्मा का चिंतन करता है, उसके जीवन में नियम से तप होता है (50)। जैसे लगाम के द्वारा घोड़े रोके जाते हैं, वैसे ही ज्ञान से, ध्यान से और तपस्या की शक्ति से इन्द्रिय-विषय और कषाएँ दृढ़ता-पूर्वक रोकी जाती है (68)। जो व्यक्ति नैतिक-आध्यात्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करके श्रुत-साधना में संलग्न होता है, वह मूल्यात्मक ज्ञान को प्राप्त करता है तथा एकाग्रचित्तवाला होता है और वह स्वयं मूल्यों में जमा हुआ रहता है और दूसरों को भी मूल्यों में जमाता है

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(97)। जैसे-जैसे ज्ञानी असाधारण आध्यात्मिक ज्ञान में लीन होता है, वैसे वैसे नये-नये प्रकार की अनासक्ति की स्थितियों के अनुभव से आनन्दित होता है (127)। जैसे जल के संयोग होने पर लवण विलीन हो जाता है, वैसे ही जिसका चित्त ध्यान में विलीन हो जाता है, उसके जीवन में शुभ-अशुभ कर्म को भस्म करने वाली आत्मानुभवरूपी अग्नि प्रकट होती है (160)। जैसे दीर्घकाल तक संचित ईंधन को पवन-सहित अग्नि तुरन्त भस्म कर देती है, वैसे ही ध्यानरूपी अग्नि अपरिमित कर्मरूपी ईंधन को भस्म कर देती है (162)। ध्यानी चित्त कषाय से उत्पन्न ईर्ष्या, निराशा, अफसोस आदि मानसिक तनावों द्वारा परेशान नहीं किया जाता है (161)। समणसुत्तं का शिक्षण है कि आत्मा को गुरु-कृपा से समझकर ध्यायी जानी चाहिए (147)। गुरु और अनुभवी की सेवा, विकृत बुद्धि वाले व्यक्ति का पूर्णरूप से त्याग, स्वाध्याय और एकान्तवास, सूत्र के अर्थ का सम्यक् चिन्तन तथा धैर्य—ये सब समता की प्राप्ति में साधन हैं (148)। यहाँ यह समझना चाहिए कि बिना आध्यात्मिक गुरु के ध्यान में प्रगति नहीं होती है। किन्तु, जिसकी गुरु में भक्ति नहीं है, जिसका गुरु के प्रति अतिशय आदर नहीं है तथा जिसको उससे प्रेम नहीं है, उसको अन्धकार में मार्ग मिलना कठिन है (17)। साधकों के लिए समणसुत्तं का शिक्षण है : हे साधक ! यदि तू सर्वोत्तम अस्तित्व (समतामय जीवन) को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है तो प्रशंसा, आदर, सांसारिक लाभ, आतिथ्य आदि की कामना क्यों करता है ? क्या इनके द्वारा तेरे लिए सर्वोत्तम अस्तित्व में प्रवेश हो सकेगा (124) ? ध्यान की पूर्णता होने पर व्यक्ति अरहंत अवस्था प्राप्त कर लेता है। वह शुद्धोपयोगी बन जाता है (141)। वह सम्पूर्ण आसक्ति से रहित होता है (138, 140)। उसके लिए सुख-दुःख समान होते हैं (140)। उसका सुख श्रेष्ठ,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आत्मोत्पन्न, विषयातीत, अनुपम, अनन्त तथा अविच्छिन्न होता है (142)। उसे हम समतावान, द्वन्द्वातीत, केवलज्ञानी, आत्मानुभवी आदि नामों से संबोधित कर सकते हैं।

समणसुत्तं-चयनिका के उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि समण-सुत्तं में जीवन के मूल्यात्मक पक्ष की सूक्ष्म अभिव्यक्ति हुई है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह चयन (समणसुत्तं चयनिका) पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। गाथाओं के हिन्दी अनुवाद को मूलानुगामी बनाने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढ़ने से ही शब्दों की विभक्तियों एवं उनके अर्थ समझ में आजाएँ। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा रही है। कहाँ तक सफलता मिली है, इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त गाथाओं का व्याकरणिक विश्ले-षण भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण में जिन संकेतों का प्रयोग किया गया है, उनको संकेत-सूची में देख कर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि प्राकृत को व्यवस्थित रूप से सीखने में सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विभिन्न नियम सहज में ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्व विदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत गाथाओं एवं उनके व्याकरणिक विश्लेषण से व्याकरण के साथ-साथ शब्दों के प्रयोग भी सीखने में मदद मिलेगी। शब्दों की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनों ही भाषा सीखने के आधार होते हैं। अनुवाद एवं व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है, पाठकों के समक्ष है। पाठकों के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होंगे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आभार

भगवान् महावीर के 25 सौवें निर्वाण-पर्व के अवसर पर समग्र जैन समाज सम्मत 'समणसुत्तं' नामक ग्रंथ की निष्पत्ति हुई। इस "ग्रंथ की निष्पत्ति के पीछे भगवान् महावीर की अव्यक्त और सन्त विनोबाजी की व्यक्त पावन प्रेरणा रही है।" समणसुत्तं-चयनिका के लिए यही ग्रन्थ आधार बना है। अतः इसके प्रकाशक सर्व-सेवा-संघ प्रकाशन, वाराणसी का आभार व्यक्त करता हूँ। इसका प्रकाशन 24 अप्रेल, 1975 को हुआ था।

डॉ. नेमिचन्द जैन द्वारा सम्पादित तीर्थंकर के (सितम्बर, 1981 से दिसम्बर 1982 तक) अंकों में समणसुत्तं चयनिका के प्रथम संस्करण का प्रकाशन हुआ है। तीर्थंकर के मार्च 1983 के अंक में 'समणसुत्तं चयनिका : कुछ चुनी हुई वाक्य-मणियाँ' प्रकाशित की गईं। अतः चयनिका और वाक्य-मणियों के प्रकाशन के लिए 'तीर्थंकर' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

तीर्थंकर में प्रकाशित 'समणसुत्तं-चयनिका' के हिन्दी अनुवाद और व्याकरणिक विश्लेषण को डॉ. के.आर. चन्द्र, (अध्यक्ष, पालि एवं प्राकृत विभाग, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद) ने पढ़कर कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने इस पुस्तक का प्राक्कथन लिखने की स्वीकृति प्रदान की। अतः मैं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

श्री एस. एन. जोशी, (सहायक-प्रोफेसर, अंग्रेजी-विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर) ने इसके अंग्रेजी अनुवाद को पढ़कर कई सुझाव दिए। अतः मैं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

मेरे विद्यार्थी डॉ. श्यामराव व्यास, सहायक प्रोफेसर, दर्शन-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के हिन्दी अनुवाद एवं उसकी प्रस्तावना को पढ़कर उपयोगी सुझाव दिए। डॉ. हुकमचन्द जैन (जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर) तथा डॉ. सुभाष कोठारी एवं श्री सुरेश सिसोदिया आगम, अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान, उदयपुर) के सहयोग के लिए भी आभारी हूँ।

मेरी धर्म-पत्नी श्रीमती कमला देवी सोगाणी ने इस पुस्तक की गाथाओं का मूल ग्रन्थ से सहर्ष मिलान किया है। इसके लिए आभार प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिये राजस्थान प्राकृत-भारती संस्थान, जयपुर के सचिव, श्री देवेन्द्रराजजी मेहता तथा संयुक्त-सचिव एवं निदेशक, महोपाध्याय श्री विनयसागरजी ने जो व्यवस्था की है, उसके लिए उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

प्रोफेसर दर्शन-विभाग,
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर (राजस्थान) 19-11-87

कमलचंद सोगाणी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समणसुत्तं - चयनिका

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समणसुत्तं - चयनिका

1 णमो अरहंताणं । णमो सिद्धाणं । णमो आयरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं । णमो लोए सव्वसाहूणं ।।

2 एसो पंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ।।

3-5 अरहंता मंगलं । सिद्धा मंगलं । साहू मंगलं ।
केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ।।
अरहंता लोगुत्तमा । सिद्धा लोगुत्तमा । साहू लोगुत्तमा ।
केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो ।।
अरहंते सरणं पव्वज्जामि । सिद्धे सरणं पव्वज्जामि ।
साहू सरणं पव्वज्जामि ।
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ।।

6 झायहि पंच वि गुरवे, मंगलचउसरणलोयपरियरिए ।
णर - सुर - खेयर - महिए, आराहणणायगे वीरे ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समणसुत्तं - चयनिका

1. अरहंतों को नमस्कार। सिद्धों को नमस्कार। आचार्यों को नमस्कार। उपाध्यायों को नमस्कार। लोक में सब साधुओं को नमस्कार।

2. यह पंच-नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला (है), और (इस कारण से यह) सब मंगलों में प्रथम मंगल होता है।

3-5. अरहंत मंगल (हैं)। सिद्ध मंगल (हैं)। साधु मंगल (हैं)। केवली द्वारा उपदिष्ट धर्म मंगल (है)।
अरहंत लोक में उत्तम (हैं)। सिद्ध लोक में उत्तम (हैं)। साधु लोक में उत्तम (हैं)। केवली द्वारा उपदिष्ट धर्म लोक में उत्तम (है)।
(मैं) अरहंतों की शरण में जाता हूँ। (मैं) सिद्धों की शरण में जाता हूँ। (मैं) साधुओं की शरण में जाता हूँ। (मैं) केवली द्वारा उपदिष्ट धर्म की शरण में जाता हूँ।

6. कल्याणकारी, चारों (गतियों में) शरण देने वाले, लोक को विभूषित किए हुए (करने वाले), मनुष्यों, देवताओं तथा विद्याधरों[1] द्वारा पूजित, आराधना के लिए श्रेष्ठ (तथा) वीर (ऊर्ध्वगामी ऊर्जा वाले)—(इन) पाँच गुरुओं अर्थात् आध्यात्मिक स्तम्भों को ही (तुम) ध्याओ।

---

1. विद्या के बल से आकाश में विचरण करने वाले मनुष्य

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7 घणघाइकम्ममहणा, तिहुवणवरभव्व-कमलमत्तंडा ।
अरिहा अणंतणाणी, अणुवमसोक्खा जयंतु जए ।।

8 अट्ठावहकम्मवियला, णिट्ठियकज्जा पणट्ठसंसारा ।
दिट्ठसयलत्थसारा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ।।

9 पंचमहव्वयतुंगा, तक्कालिय-सपरसमय-सुदधारा ।
णाणागुणगणभरिया, आइरिया मम पसीदंतु ।।

10 अण्णाणघोरतिमिरे, दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं ।
भवियाणुज्जोययरा, उवज्झाया वरमदिं देंतु ।।

11 थिरधरियसीलमाला, ववगयराया जसोहपडिहत्था ।
बहुविणयभूसियंगा, सुहाइं साहू पयच्छंतु ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. प्रगाढ़ घातीकर्मों[1] के विनाशक, अनन्तज्ञानी, अनुपम सुख (मय) (तथा) त्रिभुवन में विद्यमान मुक्तिगामी जीवरूपी कमलों (के विकास) के लिए सूर्यरूपी अरहंत जगत् में जयवंत हों।

8. सिद्ध (जो) आठ प्रकार के कर्मों से रहित (हैं), (जिनके द्वारा) (सभी) प्रयोजन पूर्ण किए हुए (हैं), (जिनके द्वारा) संसार-चक्र नाश को प्राप्त हुए (हैं), (तथा) (जिनके द्वारा) समग्र तत्वों के सार जाने गए (हैं), (वे) मेरे लिए निर्वाण-(मार्ग) को दिखलावें।

9. पाँच महाव्रतों से उन्नत, उस समय संबंधी अर्थात् समकालीन स्व-पर सिद्धान्त के श्रुत को धारण करने वाले (तथा) अनेक प्रकार के गुण-समूह से पूर्ण आचार्य मेरे लिए मंगलप्रद हों।

10. (जिस अज्ञान रूपी अंधकार के) छोर पर पहुँचना कठिन (है), (उस) अज्ञानरूपी घने अन्धकार में भ्रमण करते हुए संसारी (जीवों) के लिए (ज्ञानरूपी) प्रकाश को करने वाले उपाध्याय (मुझे) श्रेष्ठ मति प्रदान करें।

11. साधु (जो) यश-समूह से पूर्ण (हैं), (जिनके द्वारा) शील-रूपी मालाएँ दृढ़तापूर्वक धारण की गई (हैं), (जिनके द्वारा) राग दूर किए गए (हैं) (तथा जिनके द्वारा) शरीर के अंग प्रचुर विनय से अलंकृत हुए (हैं), (वे) मुझे (अनेक) सुख प्रदान करें।

---

1. आत्म-स्वरूप को आच्छादित करने वाले कर्म।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

12 अरिहंता, असरीरा, आयरिया, उवज्झाय मुणिणो ।
पंचक्खरनिप्पण्णो, ओंकारो पंच परमिट्ठी ।।

13 अरहंतभासियत्थं गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं ।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोदहिं सिरसा ।।

14 ससमय-परसमयविऊ, गंभीरो दित्तिमं सिवो सोमो ।
गुणसयकलिओ जुत्तो, पवयणसारं परिकहेउं ।।

15 जं इच्छसि अप्पणतो, जं च ण इच्छसि अप्पणतो ।
तं इच्छ परस्स वि या, एत्तियगं जिणसासणं ।।

16 आसासो वीसासो, सीयघरसमो य होइ मा भाहि ।
अम्मापितिसमाणो, संघो सरणं तु सव्वेसिं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

12. अरिहंत, अशरीर (सिद्ध), आचार्य, उपाध्याय (तथा) मुनि— ये पंच परमेष्ठी अर्थात् पाँच आध्यात्मिक स्तम्भ (हैं)। (इनके प्रथम) पाँच अक्षरों (अ+अ+आ+उ+म) से निकला हुआ 'ओम्' (होता है)।

13. (जो) अरहंत द्वारा प्रतिपादित अर्थ गणधर[1] देवों द्वारा (शब्द-रूप में) भली प्रकार से रचा हुआ (है), (उस) श्रुत-ज्ञानरूपी महासमुद्र को भक्ति-सहित (मैं) सिर से प्रणाम करता हूँ।

14. (जो) स्व-सिद्धान्त तथा पर-सिद्धान्त का ज्ञाता (है), (जो) सैंकड़ों गुणों से युक्त (है), (जो) गंभीर, आभायुक्त, सौम्य (तथा) कल्याणकारी (है), (वह ही) (अरहंत के द्वारा प्रतिपादित) सिद्धान्त के सार को कहने के लिए योग्य (होता है)।

15. (तुम) स्वयं से (स्वयं के लिए) जो कुछ चाहते हो और (तुम) स्वयं से (स्वयं के लिए) जो कुछ नहीं चाहते हो, (क्रमशः) उसको (तुम) दूसरे के लिए चाहो और (न चाहो); इतना ही जिन-शासन (है)।

16. (श्रमण) संघ तो सब (प्राणियों) के लिए शरण, तसल्ली (और) भरोसा (होता है), शीतल घर के समान (शान्ति-दायक) तथा माता-पिता के समान (प्रेम करने वाला) होता है। (अतः) तुम डरो मत।

---

1. अरहंत के द्वारा उपदिष्ट ज्ञान को शब्द-बद्ध करने वाले।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

17 जस्स गुरुम्मि न भत्ती, न य बहुमाणो न गउरवं न भयं ।
न वि लज्जा न वि नेहो, गुरुकुलवासेण किं तस्स ? ।।

18 खणमित्तसुक्खा बहुकालदुक्खा, पगामदुक्खा अणिगामसुक्खा ।
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया, खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ।।

19 सुट्ठुवि मग्गिज्जंतो, कत्थ वि केलोइ नत्थि जह सारो ।
इंदिअविसएसु तहा, नत्थि सुहं सुट्ठु वि गविट्ठं ।।

20 जह कच्छुल्लो कच्छुं कंडयमाणो दुहं मुणइ सुक्खं ।
मोहाउरा मणुस्सा, तह कामदुहं सुहं बिंति ।।

21 भोगामिसदोसविसन्ने, हियनिस्सेयसबुद्धिवोच्चत्थे ।
बाले य मन्दिए मूढे, बज्झई मच्छिया व खेलम्मि ।।

22 जाणिज्जइ चिन्तिज्जइ, जम्मजरामरणसंभवं दुक्खं ।
न य विसएसु विरज्जई, अहो सुबद्धो कवडगंठी ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

17. जिसकी गुरु में भक्ति नहीं (है) तथा (जिसका गुरु के प्रति) अतिशय आदर नहीं (है) (और) गौरव-भाव नहीं (है) तथा (जिसको गुरु से) भय नहीं (है), लज्जा नहीं (है) और प्रेम नहीं है, उसका गुरु के सान्निध्य में रहने से क्या लाभ है ?

18. इन्द्रिय-भोग निश्चय ही अनर्थों की खान (होते हैं); क्षण भर के लिए सुखमय (तथा) बहुत समय के लिए दुःखमय (होते हैं); अति दुःखमय (तथा) अल्प सुखमय (होते हैं); (वे) संसार–(सुख) और मोक्ष–(सुख) (दोनों) के विरोधी बने हुए (हैं)।

19. खूब अच्छी प्रकार से खोजे जाते हुए भी जैसे केले के पेड़ में कहीं सार नहीं (होता है), वैसे ही इन्द्रिय-विषयों में सुख नहीं (होता है), यद्यपि (वह) (वहाँ) खूब अच्छी प्रकार से खोजा हुआ (होता है)।

20. जैसे खाज–रोगवाला खाज को खुजाता हुआ दुःख को सुख मानता है, वैसे ही मोह–(रोग) से पीड़ित मनुष्य इच्छा (से उत्पन्न) दुःख को सुख कहते हैं।

21. अज्ञानी, मन्द और मूढ (व्यक्ति) (जो) भोग की लालसा के दोष में डूबा हुआ (हैं), जिसकी (स्व-पर) कल्याण तथा अभ्युदय में विपरीत बुद्धि (है), (वह) (अशुभ कर्मों के द्वारा) बाँधा जाता है, जैसे कफ के द्वारा मक्खी (बाँधी जाती है)।

22. जन्म, जरा, मरण से खूब उत्पन्न दुःख (यद्यपि) जाना जाता है, विचारा जाता है, फिर भी विषयों से निर्लिप्त नहीं हुआ जाता है। आश्चर्य ! कपट (मूर्च्छा) की गाँठ दृढ़ बाँधी हुई है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

23 जो खलु संसारत्थो, जीवो तत्तो दु होदि परिणामो ।
परिणामादो कम्मं, कम्मादो होदि गदिसु गदी ।।

24 गदिमधिगदस्स देहो, देहादो इंदियाणि जायंते ।
तेहिं दु विसयग्गहणं, तत्तो रागो वा दोसो वा ।।

25 जायदि जीवस्सेवं, भावो संसारचक्कवालम्मि ।
इदि जिणवरेहिं भणिदो, अणादिणिधणो सणिधणो वा ।।

26 जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगा य मरणाणि य ।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जंतवो ।

27 जं जं समयं जीवो आविसइ जेण भावेण ।
सो तंमि तंमि समए, सुहासुहं बंधए कम्मं ।।

28 कम्मं चिणंति सवसा, तस्सुदयम्मि उ परव्वसा होंति ।
रुक्खं दुरुहइ सवसो, विगलइ स परव्वसो तत्तो ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

23. जो जीव सचमुच संसार (मानसिक तनाव) में स्थित (होता है), (उसमें) उस कारण से ही (अशुद्ध) भाव-(समूह) उत्पन्न होता है। (अशुद्ध) भाव-(समूह) से कर्म (उत्पन्न होता है) और कर्म से गतियों में गमन होता है।

24. (किसी भी) गति में गए हुए जीव से देह (उत्पन्न होता है); देह से इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। उनके (इन्द्रियों के) द्वारा ही विषयों का ग्रहण (होता है)। (और) उस कारण से (जीव में) राग और द्वेष (उत्पन्न होता है)।

25. इस प्रकार जीव के आवागमन के समय (उसमें) मनोभाव-(समूह) उत्पन्न होता है (जो) या (तो) आदि और अन्तरहित (होता है) या अन्त-सहित होता है। यह अर्हन्तों द्वारा कहा गया (है)।

26. जन्म दुःख (है) और बुढ़ापा दुःख (है); बीमारियाँ और (बार-बार) मरण (दुःख हैं); खेद! संसार ही दुःख है, जहाँ पर प्राणी दुःखी होते हैं।

27. जिस-जिस समय में जीव जिस-जिस भाव से युक्त होता है, उस-उस समय में वह (भावानुसार) शुभ-अशुभ कर्म को बाँधता है।

28. (जब व्यक्ति) कर्म को चुनते हैं, (तो) (वे) स्वाधीन (होते हैं); किन्तु उसके विपाक[1] में (वे) पराधीन होते हैं; (जैसे) (जब कोई) पेड़ पर चढ़ता है (तो) (वह) स्वाधीन (होता है), (किन्तु) (जब) उससे गिरता है, (तो) वह पराधीन (होता है)।

---

1. सुख-दुख रूप कर्म-फल।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

29 कम्मवसा खलु जीवा, जीववसाइं कहिंचि कम्माइं ।
कत्थइ धणिओ बलवं, धारणिओ कत्थई बलवं ।।

30 मिच्छत्तं वेदंतो जीवो, विवरीयदंसणो होइ ।
ण य धम्मं रोचेदि हु, महुरं पि रसं जहा जरिदो ।।

31 मिच्छत्तपरिणदप्पा, तिव्वकसाएण सुट्ठु आविट्ठो ।
जीवं देहं एक्कं, मण्णंतो होदि बहिरप्पा ।।

32 रागो य दोसो वि य, कम्मबीयं, कम्मं च मोहप्पभवं वयंति ।
कम्मं च जाईमरणस्स मूलं, दुक्खं च जाईमरणं वयंति ।।

33 न वि तं कुणइ अमित्तो, सुट्ठु वि य विराहिओ समत्थो वि ।
जं दो वि अनिग्गहिया, करंति रागो य दोसो य ।

34 न य संसारम्मि सुहं जाइजरामरणदुक्खगहियस्स ।
जीवस्स अत्थि जम्हा, तम्हा मुक्खो उवादेओ ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

29. (कहीं) जीव कर्मों के अधीन (होते हैं), (तो) कहीं कर्म जीव के अधीन (होते हैं); (जैसे) कहीं साहूकार बलवान् (होता है), तो कहीं कर्जदार बलवान् (होता है)।

30. जीव मिथ्यात्व (सत्य पर अश्रद्धा) को भोगता हुआ विपरीत दृष्टिवाला होता है; फिर (वह) धर्म को भी नहीं चाहता है, जैसे ज्वर-ग्रस्त (व्यक्ति) मधुर भी रस को (नहीं चाहता है)।

31. मिथ्यात्व (सत्य पर अश्रद्धा) के द्वारा परिवर्तित आत्मा तीव्र कषाय से अत्यन्त ग्रस्त (होता है), (तथा) (वह) जीव (और) देह को एक मानता हुआ बहिरात्मा होता है।

32. राग और द्वेष कर्म का मूल कारण (है)। कर्म मोह (आध्यात्मिक विस्मृति) से भी उत्पन्न होता है। (ऐसा) (जिन) कहते हैं। निश्चय ही जन्म-मरण का मूल कर्म (है)। निस्सन्देह जन्म-मरण (दोनों) ही दुःख (हैं)। (ऐसा) (जिन) कहते हैं।

33. अत्यन्त ही अपमानित तथा समर्थ भी शत्रु वह (हानि) उत्पन्न नहीं करता है, जो दोनों ही अनियन्त्रित राग और द्वेष उत्पन्न करते हैं।

34. चूंकि जन्म-जरा-मरण के दुःख से पीड़ित जीव के लिए संसार में बिलकुल सुख नहीं है, अतः (उसके लिए) मोक्ष (परम-शान्ति का मार्ग) स्वीकार किए जाने योग्य (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

35 तं जइ इच्छसि गंतुं, तीरं भवसायरस्स घोरस्स ।
तो तवसंजमभंडं, सुविहिय ! गिण्हाहि तूरंतो ।

36 कामाणुगिद्धिप्पभवं खु दुक्खं, सव्वस्स लोगस्स सदेवगस्स ।
जं काइयं माणसियं च किंचि, तस्संतगं गच्छइ वीयरागो ।।

37 जेण विरागो जायइ, तं तं सव्वायरेण करणिज्जं ।
मुच्चइ हु ससंवेगो, अणंतवी होइ असंवेगी ।।

38 अन्नं इमं सरीरं, अन्नो जीवु त्ति निच्छियमईओ ।
दुक्खपरीकेसकरं, छिंद ममत्तं सरीराओ ।।

39 भावे विरत्तो मणुओ विसोगो, एएण दुक्खोहपरंपरेण ।
न लिप्पई भवमज्झे वि संतो, जलेण वा पोक्खरिणीपलासं ।।

40 धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो ।
देवा वि तं नमंसंति जस्स धम्मे सया मणो ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

35. यदि तू घोर संसार-समुद्र के पार जाने की इच्छा करता है, तो हे सदाचारी ! शीघ्रता करते हुए तप-संयमरूपी उपकरण को ग्रहण कर ।

36. देवताओं-सहित सभी मनुष्यों का जो कुछ (भी) कायिक और मानसिक दुःख है, (वह) इच्छाओं में अत्यासक्ति से ही उत्पन्न (होता है)। (किन्तु) वीतराग उसका नाश कर देता है ।

37. जिस कारण से अनासक्ति उत्पन्न होती है, वह पूर्ण सावधानी से पालन किया जाना चाहिए। श्रेष्ठ अनासक्त (व्यक्ति) कर्म-बन्धन से छुटकारा पा जाता है। किन्तु आसक्त (व्यक्ति) (कर्म-बन्धन का) अन्त करने वाला नहीं होता है ।

38. निश्चय दृष्टि से यह शरीर अन्य (है) (तथा) (यह) जीव भी अन्य (है)। (इसलिए) शरीर से ममता को, जो दुःखदायक और अत्यन्त क्लेशजनक (है), दूर हटाओ ।

39. वस्तु-जगत् से विरक्त मनुष्य दुःख-रहित (होता है); संसार के मध्य में विद्यमान भी (वह) दुःख-समूह की इस अविछिन्न धारा से मलिन नहीं किया जाता है, जैसे कि कमलिनी का पत्ता जल से (मलिन नहीं किया जाता है)।

40. अहिंसा, संयम और तप धर्म (है)। (इससे ही) सर्वोच्च कल्याण (होता है)। जिसका मन सदा धर्म में (लीन है), उस (मनुष्य) को देव भी नमस्कार करते हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

41 धम्मो वत्थुसहावो, खमादिभावो य दसविहो धम्मो ।
रयणत्तयं च धम्मो, जीवाणं रक्खणं धम्मो ।।

42 कोहेण जो ण तप्पदि, सुर-णर-तिरिएहि कीरमाणे वि ।
उवसग्गे वि रउद्दे, तस्स खमा णिम्मला होदि ।।

43 खम्मामि सव्वजीवाणं, सव्वे जीवा खमंतु मे ।
मित्ती मे सव्वभूदेसु, वेरं मज्झं ण केण वि ।।

44 जो चिंतेइ ण वंकं, ण कुणदि वंकं ण जंपदे वंकं ।
ण य गोवदि णियदोसं, अज्जव-धम्मो हवे तस्स ।।

45 परसंतावयकारण-वयणं, मोत्तूण सपरहिदवयणं ।
जो वददि भिक्खु तुरियो, तस्स दु धम्मो हवे सच्चं ।।

46 विस्ससणिज्जो माया व, होइ पुज्जो गुरु व्व लोअस्स ।
सयण व्व सच्चवाई, पुरिसो सव्वस्स होइ पिओ ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

41. वस्तु का स्वभाव धर्म (है); क्षमादि परिणाम भी दस[1] प्रकार का धर्म (है); रत्नों का तिगड्डा अर्थात् तीन रत्नों[2] का समूह भी धर्म (है); (तथा) जीवों की रक्षा करना (भी) धर्म है।

42. देवों, मनुष्यों और पशुओं द्वारा किए जाते हुए भीषण उपसर्ग के अवसर पर भी जो क्रोध के द्वारा तपाया नहीं जाता है, उस (व्यक्ति) के (जीवन में) निर्मल क्षमा होती है।

43. (मैं) सब जीवों को क्षमा करता हूँ; सब जीव मुझको क्षमा करें; मेरी सब प्राणियों से मित्रता (है); किसी से भी मेरा वैर नहीं (है)।

44. जो (व्यक्ति) कुटिल (बात) नहीं सोचता है, कुटिल (कार्य) नहीं करता है, कुटिल (वचन) नहीं बोलता है तथा (जो) निज-दोष को नहीं छुपाता है, उसके (जीवन में) आर्जवधर्म होता है।

45. (जो) पर में दुःख-जनक (मानसिक स्थिति) का कारण (है) (उस) वचन को छोड़कर जो साधु (या श्रावक) स्व-पर के लिए हितकारक वचन को बोलता है, उसके (जीवन में) चौथा सत्य धर्म होता है।

46. सत्यवक्ता मनुष्य लोक में माता की तरह विश्वसनीय, गुरु की तरह पूज्य तथा स्वजन की तरह सबका प्रिय होता है।

---

1. (क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शील, संयम, तप, त्याग, आकिंचन और ब्रह्मचर्य)।
2. (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक् चारित्र)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

47 सच्चम्मि वसदि तवो, सच्चम्मि संजमो तह वसे सेसा वि गुणा ।
सच्चं णिबंधणं हि य, गुणाणमुदधीव मच्छाणं ।।

48 सुवण्णरुप्पस्स उ पव्वया भवे, सिया हु केलाससमा असंखया ।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि, इच्छा हु आगाससमा अणन्तिया ।।

49 समसंतोसजलेणं, जो धोवदि तिव्व-लोहमल-पुंजं ।
भोयण - गिद्धि - विहीणो, तस्स सउच्चं हवे विमलं ।।

50 विसयकसाय-विणिग्गहभावं, काऊण झाणसज्झाए ।
जो भावइ अप्पाणं, तस्स तवं होदि णियमेण ।।

51 णिव्वेदतियं भावइ, मोहं चइऊण सव्वदव्वेसु ।
जो तस्स हवे चागो, इदि भणिदं जिणवरिंदेहिं ।।

52 जे य कंते पिए भोए, लद्धे विपिट्ठिकुव्वइ ।
साहीणे चयइ भोए, से हु चाइ त्ति वुच्चई ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

47. सत्य (बोलने) में तप होता है, सत्य (बोलने) में संयम होता है, तथा (सत्य बोलने में) शेष (अन्य) सद्गुण भी (पालित) (होते हैं)। पुनः सत्य (बोलना) ही (सब) सद्गुणों का आधार (होता है), जैसे मछलियों के लिए (आधार) जल का भंडार (होता है)।

48. लोभी मनुष्य के लिए कदाचित् कैलाश (पर्वत) के समान सोने-चाँदी के असंख्य पर्वत भी हो जाएँ, किन्तु उनके द्वारा (उसकी) कुछ (भी) (तृप्ति) नहीं (होती है), क्योंकि इच्छा आकाश के समान अन्त-रहित (होती है)।

49. जो पूर्ण संतोषरूपी जल से तीव्र लोभ रूपी मल-समूह को धोता है, तथा (जो) भोजन में आसक्ति से रहित है, उस (व्यक्ति) के (जीवन में) निर्मल शौच (धर्म) होता है।

50. इन्द्रिय-भोग (तथा) कषायों में संयम भाव को धारण करके जो ध्यान (और) स्वाध्याय के द्वारा आत्मा का चिंतन करता है, उसके (जीवन में) नियम से तप होता है।

51. जो सब वस्तुओं में आसक्ति को त्यागकर वैराग्य के तीनों[1] (साधनों) का चिन्तन करता है, उस (व्यक्ति) के (जीवन में) त्याग घटित होता है। इस प्रकार (यह) अरहन्तों द्वारा कहा गया है।

52. जो प्राप्त किए गए मनोहर और प्रिय भोगों को पीठ करता है (तथा) स्व-अधीन भोगों को छोड़ता है, वह ही त्यागी है, इस प्रकार कहा जाता है।

---

1. संसार, शरीर तथा इन्द्रिय-विषय-इन तीनों की नश्वरता का चिन्तन।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

53 अहमिक्को खलु सुद्धो, दंसणणाणमइओ सदाऽरूवी ।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि, अण्णं परमाणुमित्तं पि ।।

54 सुहं वसामो जीवामो, जेसिं णो नत्थि किंचण ।
मिहिलाए डज्झमाणीए, न मे डज्झइ किंचण ।।

55 जहा पोम्मं जले जायं, नोवलिप्पइ वारिणा ।
एवं अलित्तं कामेहिं, तं वयं बूम माहणं ।।

56 दुक्खं हयं जस्स न होइ मोहो, मोहो हओ जस्स न होइ तण्हा ।
तण्हा हया जस्स न होइ लोहो, लोहो हओ जस्स न किंचणाइं ।।

57 एए य संगे समइक्कमित्ता, सुदुत्तरा चेव भवंति सेसा ।
जहा महासागरमुत्तरित्ता, नई भवे अवि गंगासमाणा ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

53. (परमार्थतः) मैं निश्चय ही सर्वोच्च (और) शुद्ध (आत्मा) (हूँ)। (मैं) दर्शन-ज्ञानमय (हूँ) (तथा) सदा अरूपी (हूँ)। इस (आत्मा) के अलावा, अन्य थोड़ी सी परमाणुमात्र भी (वस्तु) मेरी नहीं है।

54. (हम) जिनके लिए कुछ भी (अपना) नहीं है सुखपूर्वक रहते हैं और जीते हैं। (यह बात ऐसे ही है जैसे राजा जनक ने कहा था कि) जलाई जाती हुई मिथिला में मेरा कुछ भी नहीं जलाया जाता है, (इसलिए हम सुखपूर्वक रहते हैं और जीते हैं)।

55. जैसे जल में उत्पन्न कमल पानी से नहीं लीपा जाता है, उसी प्रकार इच्छाओं के द्वारा (जो) (व्यक्ति) नहीं लीपा गया है, उसको हम अहिंसक कहते हैं।

56. जिसके (जीवन में) आसक्ति नहीं होती है, (उसके द्वारा) दुःख नष्ट कर दिया गया है; जिसके (जीवन में) तृष्णा नहीं होती है, (उसके द्वारा) आसक्ति नष्ट की गई (है); जिसके (जीवन में) लोभ नहीं होता है, (उसके द्वारा) तृष्णा नष्ट की गई (है); जिसके (पास) कुछ भी (वस्तुएँ) नहीं (हैं), (उसके द्वारा) लोभ नष्ट किया गया (है)।

57. यदि (व्यक्ति) पार करने में अत्यन्त कठिन इन कामासक्तियों को पार करके (समाज में जीता है), (तो) (उसकी) शेष (आसक्तियाँ) भी (समाप्त) हो जाती हैं। उदाहरणार्थ, महासागर को पार करके (जो) (बाहर) (आया है), (उसके लिए) गंगा के समान नदियों को भी (पार करना) (सरल) हो जाता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

58 जा जा वज्जई रयणी, न सा पडिनियत्तई ।
अहम्मं कुणमाणस्स, अफला जन्ति राइओ ।।

59 अप्पा जाणइ अप्पा, जहट्ठिओ अप्पसक्खिओ धम्मो ।
अप्पा करेइ तं तह, जह अप्पसुहावओ होइ ।।

60 अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कूडसामली ।
अप्पा कामदुहा धेणू, अप्पा मे नंदणं वणं ।।

61 अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं च, दुप्पट्ठिय सुप्पट्ठिओ ।।

62 एगप्पा अजिए सत्तू, कसाया इन्दियाणि य ।
ते जिणित्तु जहानायं, विहरामि अहं मुणी ! ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

58. जो जो रात्रि बीतती है, वह लौटती नहीं है। अधर्म करते हुए (व्यक्ति) की रात्रियाँ व्यर्थ होती हैं।

59. आत्मा आत्मा से जानता है (कि) वास्तविक धर्म आत्म-साक्षीपन (है)। आत्मा उसको (आत्म-साक्षीपन को) इस तरह से कार्य में परिणत करता है, जिससे (वह) स्वरूप (से उत्पन्न) सुख को प्राप्त करने वाला होता है।

60. (मेरी) आत्मा (ही) वैतरणी नदी[1] (है), अर्थात् (आत्मा) ही पाप-युक्त (होती है); (मेरी) आत्मा (ही) मेरे लिए कूट-शाल्मलि[2] (वृक्ष) (है), अर्थात् (आत्मा) (ही) (अपने लिए) दुःख-प्रद (होती है), (मेरी) आत्मा (ही) काम दुधा गाय[3] (है), अर्थात् (आत्मा) (ही) इच्छित पदार्थों को देने वाली (होती है); (और) (मेरी) आत्मा (ही) मेरे लिए इन्द्र का उपवन (है), अर्थात् (आत्मा) (ही) आनन्द देने वाला निवास स्थान (है)।

61. आत्मा सुखों और दुःखों का कर्ता (है) तथा (उनका) अकर्ता[4] भी (है)। शुभ में स्थित आत्मा मित्र (है) और अशुभ में स्थित (आत्मा) शत्रु (है)।

62. (संक्षेप में कहें तो) न जीती गई आत्मा ही केवल शत्रु (होती है); (विस्तार से कहें तो) कषाएँ और इन्द्रिय-विषयासक्ति (शत्रु) (होती हैं)। (इसलिए) हे ज्ञानी! उनको उचित रीति से जीतकर (मैं) (जगत् में) रहता हूँ।

---

1 नरक की अति दुर्गन्धित नदी।
2 नरक में तेज काँटों से युक्त वृक्ष।
3 सभी इच्छाओं को पूरा करनेवाली काल्पनिक गाय।
4 केवलज्ञान अवस्था में आत्मा सुख-दुःख का कर्ता नहीं होता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

63 जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे ।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ ।।

64 अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण बज्झओ ।
अप्पाणमेव अप्पाणं, जइत्ता सुहमेहए ।।

65 अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो ।
अप्पा दंतो सुही होइ, अस्सि लोए परत्थ य ।।

66 वरं मे अप्पा दंतो, संजमेण तवेण य ।
माऽहं परेहिं दम्मंतो, बंधणेहिं वहेहि य ।।

67 एगओ विरइं कुज्जा, एगओ य पवत्तणं ।
असंजमे नियत्तिं च, संजमे य पवत्तणं ।।

68 नाणेण य झाणेण य, तवोबलेण य बला निरुभंति ।
इंदियविसयकसाया, धरिया तुरगा व रज्जूहिं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

63. जो (व्यक्ति) कठिनाई से जीते जाने वाले संग्राम में हजारों के द्वारा हजारों को जीते (और) (जो) एक स्व को जीते, (इन दोनों में) उसकी यह (स्व पर जीत) परम विजय है।

64. (तू) अपने में (अंतरंग राग-द्वेष से) ही युद्ध कर, (जगत् में) बहिरंग (व्यक्तियों) से युद्ध करने से तेरे लिए क्या लाभ ? (सच यह है कि) अपने में ही अपने (राग-द्वेष) को जीत कर सुख बढ़ता है।

65. आत्मा ही सचमुच कठिनाई से वश में किया जाने वाला (होता है), (तो भी) आत्मा ही वश में किया जाना चाहिये। (कारण कि) वश में किया हुआ आत्मा (ही) इस लोक और परलोक में सुखी होता है।

66. संयम और तप से मेरे द्वारा वश में किया हुआ (मेरा) आत्मा अधिक अच्छा (है); (किन्तु) बंधन और प्रहार से दूसरों के द्वारा वश में किया जाता हुआ मैं (अधिक अच्छा) नहीं (हूँ)।

67. (व्यक्ति) एक ओर से निवृत्ति करे तथा एक ओर प्रवृत्ति (करे); एक ओर असंयम से निवृत्ति (करे), दूसरी ओर संयम में प्रवृत्ति (करे)।

68. जैसे लगाम के द्वारा घोड़े (बलपूर्वक) रोके गये (होते हैं), (उसी प्रकार) ज्ञान से, ध्यान से, और तपस्या की शक्ति से इन्द्रिय-विषय और कषाएँ दृढ़तापूर्वक रोकी जाती हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

69 अणथोवं वणथोवं, अग्गीथोवं कसायथोवं च ।
न हु मे वीससियव्वं, थोवं पि हु तं बहु होइ ।।

70 कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो ।
माया मित्ताणि नासेइ, लोहो सव्वविणासणो ।।

71 उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे ।
मायं चऽज्जवभावेण, लोभं संतोसओ जिणे ।।

72 जहा कुम्मे सअंगाई, सए देहे समाहरे ।
एवं पावाइं मेहावी, अज्झप्पेण समाहरे ।।

73 से जाणमजाणं वा, कट्टु आहम्मिअं पयं ।
संवरे खिप्पमप्पाणं, बीयं तं न समायरे ।।

74 जे ममाइय-मतिं जहाति, से जहाति ममाइयं ।
से हु दिट्ठपहे मुणी, जस्स नत्थि ममाइयं ।।

75 सव्वगंथविमुक्को, सीईभूओ पसंतचित्तो अ ।
जं पावइ मुत्तिसुहं, न चक्कवट्टी वि तं लहइ ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

69. थोड़ा सा ऋण, थोड़ा सा घाव, थोड़ी सी अग्नि और थोड़ी सी कषाय तुम्हारे द्वारा विश्वास किए जाने योग्य नहीं है, क्योंकि थोड़ा सा भी वह बहुत ही होता है।

70. क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार विजय का नाशक (होता है), कपट मित्रों को दूर हटाता है (और) लोभ सब (गुणों का) विनाशक (होता है)।

71. (व्यक्ति) क्षमा से क्रोध को नष्ट करे, विनय से मान को जीते, सरलता से कपट को तथा संतोष से लोभ को जीते।

72. जिस प्रकार कछुआ अपने अंगों को अपने शरीर में समेट लेता है, इसी प्रकार से मेधावी अध्यात्म के द्वारा पापों को समेट लेता है (नष्ट कर देता है)।

73. ज्ञानपूर्वक अथवा अज्ञानपूर्वक अनुचित कार्य को करके (व्यक्ति) अपने को तुरन्त रोके (और फिर) वह उसको दुबारा न करे।

74. जो ममतावाली-वस्तु-बुद्धि को छोड़ता है, वह ममतावाली वस्तु को छोड़ता है; जिसके लिए (कोई) ममतावाली वस्तु नहीं है, वह ही (ऐसा) ज्ञानी है (जिसके द्वारा) (अध्यात्म)-पथ जाना गया (है)।

75. सर्व परिग्रह से रहित व्यक्ति (सदा) शान्त और प्रसन्नचित्त (होता है)। (वह) जिस मुक्ति-सुख को प्राप्त करता है, उसको चक्रवर्ती भी प्राप्त नहीं करता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

76 गंथच्चाओ इंदिय-णिवारणे अंकुसो व हत्थिस्स ।
णयरस्स खाइया वि य, इंदियगुत्ती असंगत्तं ।।

77 एयं खु नाणिणो सारं, जं न हिंसइ कंचण ।
अहिंसासमयं चेव, एतावंते वियाणिया ।।

78 सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं ।
तम्हा पाणवहं घोरं, निग्गंथा वज्जयंति णं ।।

79 जह ते न पिअं दुक्खं, जाणिअ एमेव सव्वजीवाणं ।
सव्वायरमुवउत्तो, अत्तोवम्मेण कुणसु दयं ।।

80 जीववहो अप्पवहो, जीवदया अप्पणो दया होइ ।
ता सव्वजीवहिंसा, परिचत्ता अत्तकामेहिं ।।

81 तुमं सि नाम स चेव, जं हंतव्वं ति मन्नसि ।
तुमं सि नाम स चेव, जं अज्जावेयव्वं ति मन्नसि ।।

82 रागादीणमणुप्पाओ, अहिंसकत्तं त्ति देसियं समए ।
तेसिं चे उप्पत्ती, हिंसेत्ति जिणेहि णिद्दिट्ठा ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

76. जैसे हाथी के लिए अंकुश (है) तथा नगर के लिए खाई भी (है), (वैसे ही) इन्द्रियों के संयम में परिग्रह का त्याग (है); (और) इन्द्रिय-संयम (ही) अनासक्तता है।

77. सचमुच ही यह ज्ञानी (होने) का सार (है) कि (ज्ञानी) किसी की भी हिंसा नहीं करता है। वे (जिन) निश्चय ही अहिंसा और समता को इतना (महत्वपूर्ण) जानकर (इस बात को कहते हैं)।

78. सब ही जीव जीने की इच्छा करते हैं, मरने की नहीं, इसलिए संयत (व्यक्ति) पीड़ादायक प्राणवध का परित्याग करते हैं।

79. जैसे तुम्हारे (अपने) लिए दुःख प्रिय नहीं है, इसी प्रकार (दूसरे) सब जीवों के लिए जानकर उचित रूप से सब (जीवों) से स्नेह करो (तथा) अपने से तुलना के द्वारा (उनके प्रति) सहानुभूति (रक्खो)।

80. जीव का घात खुद का घात (होता है), जीव के लिए दया खुद के लिए दया होती है; उस कारण से आत्म-स्वरूप को चाहने वालों के द्वारा सब जीवों की हिंसा छोड़ी हुई (है)।

81. देख ! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) मारे जाने योग्य मानता है। देख ! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) शासित किए जाने योग्य मानता है।

82. रागादि का उत्पन्न न होना अहिंसकता (है)। इस प्रकार (यह) सिद्धान्त में कहा गया है। यदि उनकी उत्पत्ति (है), (तो) (वह) जिन द्वारा निश्चय ही हिंसा कही गई (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

83 अज्झवसिएण बंधो, सत्ते मारेज्ज मा व मारेज्ज ।
एसो बंधसमासो, जीवाणं णिच्छयणयस्स ।।

84 अत्ता चेव अहिंसा, अत्ता हिंसेति णिच्छओ समए ।
जो होदि अप्पमत्तो, अहिंसगो हिंसगो इदरो ।।

85 तुंगं न मंदराओ, आगासाओ बिसालयं नत्थि ।
जह तह जयंमि जाणसु, धम्ममहिंसासमं नत्थि ।।

86 इमं च मे अत्थि इमं च नत्थि, इमं च मे किच्चं इमं अकिच्चं ।
तं एवमेवं लालप्पमाणं, हरा हरंति त्ति कहं पमाए ? ।।

87 सोतंति सुवंताणं, अत्था पुरिसाण लोगसारत्था ।
तम्हा जागरमाणा, विधुणध पोराणयं कम्मं ।।

88 जागरिया धम्मीणं, अहम्मीणं च सुत्तया सेया ।
वच्छाहिवभगिणीए, अकहिंसु जिणो जयंतीए ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

83. प्राणियों की हिंसा करो और (उनकी) हिंसा न भी करो, (किन्तु) (हिंसा के) विचार से (ही) (कर्म)–बंध (होता है)। निश्चयनय के (अनुसार) यह जीवों के (कर्म)–बंध का संक्षेप (है)।

84. आत्मा ही अहिंसा (है); आत्मा ही हिंसा (है); जो अप्रमादी होता है, (वह) अहिंसक (होता है)। (जो) प्रमादी (होता है), (वह) हिंसक (होता है)। आगम में (ऐसा) स्थिर मत (व्यक्त किया गया है)।

85. जैसे जगत में मेरु पर्वत से ऊँचा (कुछ) नहीं (है), (और) आकाश से विस्तृत (भी) (कुछ) नहीं (है), वैसे ही अहिंसा के समान (जगत में) (श्रेष्ठ और व्यापक) धर्म नहीं (है); (यह) (तुम) जानो।

86. यह (वस्तु) मेरी है और यह (वस्तु) मेरी नहीं (है), यह मेरा कर्तव्य (है) और यह (मेरा) कर्तव्य नहीं (है); इस प्रकार ही बारंबार बोलते हुए उस (व्यक्ति) को काल ले जाता है, अतः कैसे प्रमाद (किया जाय)?

87. सोते हुए (प्रमादी) पुरुषों के (लोकातीत) परमार्थ (और) लोक में सर्वोत्तम प्रयोजन (दोनों ही) नष्ट हो जाते हैं; इसलिए जागते हुए (प्रमाद-रहित हुए) तुम (सब) पुराने कर्मों को नष्ट करो।

88. धर्मात्माओं का जागरण (सक्रिय होना) और अधर्मात्माओं का सोना (निष्क्रिय होना) सर्वोत्तम (होता है); (ऐसा) वत्स देश के राजा की बहिन जयंती को जिन (महावीर) ने कहा था।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

89 सुत्तेसु यावी पडिबुद्धजीवी, न वीससे पण्डिए आसुपण्ण ।
घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं, भारंड-पक्खी व चरेऽप्पमत्तो ।।

90 न कम्मुणा कम्म खवेंति बाला, अकम्मुणा कम्म खवेंति धीरा ।
मेधाविणो लोभमया वतीता, संतोसिणो नो पकरेंति पावं ।।

91 नाऽऽलस्सेण समं सुक्खं, न विज्जा सह निद्दया ।
न वेरग्गं ममत्तेणं, नारंभेण दयालुया ।।

92 जागरह नरा ! णिच्चं, जागरमाणस्स वड्ढते बुद्धी ।
जो सुवति ण सो धन्नो, जो जग्गति .सो सया धन्नो ।।

93 विवत्ती अविणीअस्स, संपत्ती विणीअस्स य ।
जस्सेयं दुहओ नायं, सिक्खं से अभिगच्छइ ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

89. कुशल-बुद्धि विद्वान् तथा जागा हुआ (आध्यात्मिक) (जीवन) जीने वाला (व्यक्ति) सोए हुओं (अध्यात्म को भूले हुए व्यक्तियों) पर भरोसा न करे; समय के क्षण निर्दयी (होते हैं), शरीर निर्बल (है), अतः (वह) अप्रमादी (जागृत) भारण्ड-पक्षी की तरह विचरण करे।

90. अज्ञानी (व्यक्ति) (आसक्त) कर्म से कर्म–(रज) को नष्ट नहीं करते हैं। ज्ञानी (व्यक्ति) अकर्म (अनासक्त कर्म) से कर्म–(रज) को नष्ट कर देते हैं। मेधावी लोभ और मद से परे गये हुए होते हैं; संतोषी (व्यक्ति) पाप नहीं करते हैं।

91. आलस्य के साथ सुख नहीं (रहता है), निद्रा के साथ विद्या (संभव) नहीं (होती है), आसक्ति के साथ वैराग्य (घटित) नहीं (होता है), (तथा) जीव-हिंसा के साथ दयालुता नहीं (ठहरती है)।

92. हे मनुष्यों ! तुम (सब) निरंतर जागो (आध्यात्मिक मूल्यों में सजग रहो), जागते हुए (आध्यात्मिक मूल्यों में सजग) (व्यक्ति) की प्रतिभा बढ़ती है, जो (व्यक्ति) सोता है (आध्यात्मिक मूल्यों को भूला हुआ है), वह सुखी नहीं होता है, जो सदा जागता है (आध्यात्मिक मूल्यों में सजग है), वह सुखी होता है।

93. अविनीत के (जीवन में) अनर्थ (होता है) और विनीत के (जीवन में) समृद्धि (होती है); जिसके द्वारा यह दोनों प्रकार से जाना हुआ (है), वह (जीवन में) विनय को ग्रहण करता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

94 अह पंचहिं ठाणेहिं, जेहिं सिक्खा न लब्भई ।
थम्भा कोहा पमाएणं, रोगेणाऽलस्सएण य ।।

95 अह अट्ठहिं ठाणेहिं, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ।
अहस्सिरे सया दंते, न य मम्ममुदाहरे ।।

96 नासीले न विसाले, न सिया अइलोलुए ।
अकोहणे सच्चरए, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ।।

97 नाणमेगग्गचित्तो अ, ठिओ अ ठावयई परं ।
सुआणि अ अहिज्जित्ता, रओ सुअसमाहिए ।।

98 वसे गुरुकुले निच्चं, जोगवं उवहाणवं ।
पियंकरे पियंवाई, से सिक्खं लद्धुमरिहई ।।

99 जह दीवा दीवसयं, पइप्पए सो य दिप्पए दीवो ।
दीवसमा आयरिया, दिप्पंति परं च दीवेंति ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

94. अच्छा तो, जिन (इन) पाँच कारणों से शिक्षा प्राप्त नहीं की जाती है : अहंकार से, क्रोध से, प्रमाद से, रोग से, तथा आलस्य से।

95–96 अच्छा तो (जो) (व्यक्ति) (दूसरों का) उपहास करने वाला नहीं है, (जो) सदा नियन्त्रित (रहता है) तथा (जो) (दूसरे की) गुप्त बात को प्रकट नहीं करता है, (वह) शिक्षा से सम्पन्न कहा जाता है। (इनके अतिरिक्त) (जो) (व्यक्ति) नैतिकता-रहित नहीं (है), (जो) दुर्व्यवहार-पूर्ण नहीं (है), (जो) अति लालची नहीं (है), (जो) चिड़चिड़ा नहीं (है), (जो) सत्य की खोज में लीन रहता है, (वह) (भी) शिक्षा से सम्पन्न कहा जाता है। (इन उपर्युक्त) आठ कारणों से (व्यक्ति शिक्षा से सम्पन्न कहा जाता है)।

97. (जो) (व्यक्ति) (नैतिक-आध्यात्मिक) ग्रन्थों का अध्ययन करके श्रुत-साधना में संलग्न (होता है), (वह), (मूल्यात्मक) ज्ञान को (प्राप्त करता है), तथा एकाग्र चित्तवाला (होता है) और (वह) (स्वयं) (मूल्यों में) जमा हुआ (रहता है) (और) दूसरे को भी (मूल्यों में) जमाता है।

98. (जो) सदा गुरु के सान्निध्य में रहता है, (जो) शुभ प्रवृत्तिवाला (है), (जो) स्नेहशील (है), (जो) दूसरों की भलाई करनेवाला (है) और (जो) मधुर बोलनेवाला (है), (वह) शिक्षा प्राप्त करने के लिए योग्य होता है।

99. जैसे एक दीपक से दीपकों की बड़ी संख्या जलती है और वह दीपक (भी) जलता है, (वैसे ही) दीपक के समान आचार्य (स्वयं) प्रकाशित होते हैं तथा दूसरों को प्रकाशित करते हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

100 उत्तमगुणाण धामं, सव्वदव्वाण उत्तमं दव्वं ।
तच्चाण परं तच्चं, जीवं जाणेह णिच्छयदो ।।

101 जीवा हवंति तिविहा, बहिरप्पा तह य अंतरप्पा य ।
परमप्पा वि य दुविहा, अरहंता तह य सिद्धा य ।।

102 अक्खाणि बहिरप्पा, अंतरप्पा हु अप्पसंकप्पो ।
कम्मकलंक-विमुक्को, परमप्पा भण्णए देवो ।।

103 ससरीरा अरहंता, केवलणाणेण मुणिय-सयलत्था ।
णाणसरीरा सिद्धा, सव्वुत्तम-सुक्ख-संपत्ता ।।

104 आरुहवि अंतरप्पा, बहिरप्पा छंडिऊण तिविहेण ।
झाइज्जइ परमप्पा, उवइट्ठं जिणवरिंदेहिं ।।

105 अरसमरूवमगंधं, अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं ।
जाण अलिंगग्गहणं, जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

100 जीव उत्तम गुणों का आश्रय (है); सब द्रव्यों में उत्तम द्रव्य (है); (सब) तत्वों में सर्वोत्तम तत्व (है); (यह) निश्चय (दृष्टि) से तुम (सब) जानो।

101. आत्माएँ तीन प्रकार की होती हैं : बहिरात्माएँ, अन्तरात्माएँ और परम-आत्माएँ और (परम-आत्माएँ) दो प्रकार की (होती हैं) : अरहंत—(आत्माएँ और सिद्ध—(आत्माएँ)।

102. (जो व्यक्ति यह मानता है कि) इन्द्रियाँ (ही) (परम सत्य हैं) (वह) बहिरात्मा (है); (तथा) (जिस व्यक्ति में) (शरीर से भिन्न) आत्मा की विचारणा बिना किसी सन्देह के है (वह) अन्तरात्मा (है) (तथा) कर्म-कलंक से मुक्त (जीव) परम आत्मा (है)। (परम आत्मा) (ही) देव कहा गया (है)।

103. (जिनके द्वारा) केवलज्ञान से सकल पदार्थ जान लिए गए हैं और सर्वोत्तम सुख प्राप्त कर लिया गया है, (वे) अरहंत (हैं) (जो) शरीर-सहित (होते हैं)। सिद्ध (शरीर-रहित होते हैं) (किन्तु) केवलज्ञानरूपी शरीर वाले (होते हैं)। (इनके द्वारा) (सर्वोत्तम सुख भी प्राप्त किया गया है)।

104. अरहंतो द्वारा (यह) कहा गया (है) (कि) (साधकों द्वारा) तीन प्रकार (मन, वचन, काय) से बहिरात्मा को छोड़कर और अन्तरात्मा को ग्रहण करके परमात्मा (परम आत्मा) ध्याया जाता है।

105. जीव रसरहित, रूपरहित, गंधरहित, शब्दरहित (होता है); (वह) अदृश्यमान (रहता है), चेतना (उसका) गुण (है), (उसके विषय में) समझना अनुमान के बिना (होता है), (उसकी आकृति नहीं कही गई (है)। (तुम) जानो।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

106 सुहपरिणामो पुण्णं, असुहो पाव त्ति भणियमन्नेसु ।
परिणामो णन्नगदो, दुक्खक्खयकारणं समये ।।

107 पुण्णं पि जो समिच्छदि, संसारो तेण ईहिदो होदि ।
पुण्णं सुगईहेदुं, पुण्णखएणेव णिव्वाणं ।।

108 कम्मसुहं कुसीलं, सुहकम्मं चावि जाण व सुसीलं ।
कह तं होदि सुसीलं, जं संसारं पवेसेदि ।।

109 सोवण्णियं पि णियलं, बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं ।
बंधदि एवं जीवं, सुहमसुहं वा कदं कम्मं ।।

110 तम्हा दु कुसीलेहिं य, रायं मा कुणह मा व संसग्गं ।
साहीणो हि विणासो, कुसीलसंसग्गरायेण ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

106. शुभ भाव पुण्य (है); अशुभ भाव पाप है। इस प्रकार यह अन्य (दर्शनों) में भी कहा गया (है)। (किन्तु) जिन-सिद्धान्त में (यह भी कहा गया है कि) (चूंकि) (शुभ-अशुभ) भाव दूसरे पर आश्रित होता है (इसलिए) (उसे) दुःख-नाश का कारण नहीं (कहा जा सकता है)।

107. जो (मनुष्य) पुण्य (उचित) क्रिया/शुभ मानसिक तनाव) को ही खूब चाहता है, उसके द्वारा लौकिक जिन्दगी चाही हुई होती है। पुण्य (उचित क्रिया) सुखी अवस्था का कारण (है)। (किन्तु) (पाप-सहित) पुण्य (शुभ मानसिक तनाव) के नाश से ही परम शान्ति (समता) (घटित होती है)।

108. (नीति-शास्त्र के अनुसार) अशुभ कर्म अनुचित (होता है) (और) शुभ कर्म उचित (होता है)। (कर्मों के इस भेद को) (तुम) समझो। (किन्तु) (अध्यात्म-शास्त्र के अनुसार) वह (शुभ कर्म) उचित कैसे बना रहेगा जो संसार (मानसिक तनाव) में प्रविष्ट कराता है ?

109. जैसे काले लोहे से बनी हुई बेड़ी व्यक्ति को बांधती है और सोने की (बेड़ी) भी (व्यक्ति को) (बांधती है), वैसे ही (जीव के द्वारा) किया हुआ (मानसिक व्यग्रतात्मक) शुभ-अशुभ कर्म भी जीव को बांधता है।

110. इसलिए तो (दोनों) कुशीलों (मानसिक तनाव उत्पन्न करने वाले कर्मों) के साथ बिल्कुल राग मत करो और (उनके साथ) सम्पर्क (भी) मत (रक्खो), क्योंकि (आत्मा का) स्वतन्त्र (स्वभाव) कुशीलों के साथ सम्पर्क और (उनके साथ) राग से व्यर्थ (हो जाता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

111 वरं वयतवेहि सग्गो, मा दुक्खं होउ णिरइ इयरेहिं ।
छायातवट्ठियाणं, पडिवालंताण गुरुभेयं ।।

112 खयरामरमणुय-करंजलि-मालाहिं च संथुया विउला ।
चक्कहररायलच्छी, लब्भई बोही ण भव्वणुआ ।।

113 नाणं चरित्तहीणं, लिंगग्गहणं च दंसणविहीणं ।
संजमहीणं च तवं, जो चरइ निरत्थयं तस्स ।।

114 नादंसणिस्स नाणं, नाणेण विणा न हुंति चरणगुणा ।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

111. व्रतों और तपों (शुभ कर्मों) के कारण (मिला हुआ) स्वर्ग (मनुष्य के लिए) (नरक से) अधिक अच्छा होता है, (जिससे) (मनुष्य के जीवन में) (कम से कम) दुःख (तो) न रहे। (सच है कि) (उनके) विरोधी (अशुभ कर्मों को) (करने) के कारण नरक में (दुःख) (रहेगा) (ही)। (ठीक ही है) प्रतीक्षा करते हुए (व्यक्तियों) के लिए (शुभकर्मरूपी) छाँह और (अशुभ-कर्मरूपी) धूप में ठहरे हुए होने के कारण बड़ा भारी भेद (होता है)।

112. निस्सन्देह (व्यक्ति द्वारा) (शुभ भावों से) चक्रवर्ती सम्राट् का (ऐसा) प्रचुर राज-वैभव प्राप्त किया जाता है (जो) विद्याधरों, देवों और मनुष्यों द्वारा हाथों से नमस्कार की पंक्तियों के जरिये प्रशंसा की गई है। (किन्तु) अध्यात्म-वादी का अनुसरण करने वाली जागृति (केवल) (शुभ भावों से) (प्राप्त नहीं की जाती है)।

113. जो चारित्र के बिना ज्ञान का (अभ्यास करता है), (जो) आध्यात्मिक जागृति के बिना मुनि-वेष (अपनाता है) और जो मन की एकाग्रता के बिना तपस्या करता है, (वह) (सब) उस (व्यक्ति) के लिए निरर्थक (होता है)।

114. अनाध्यात्मवादी के (जीवन में) (सम्यक्) ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है। (सम्यक्) ज्ञान के बिना चारित्र में विशिष्टताएँ (उत्पन्न नहीं होती हैं)। चारित्ररहित (व्यक्ति) के लिए (कर्मों से) छुटकारा (संभव) नहीं होता है। (कर्मों से) छुटकारे-रहित (व्यक्ति) के लिए (जीवन में) समता (घटित) नहीं (होती है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

115 हयं नाणं कियाहीणं, हया अण्णाणओ किया ।
पासंतो पंगुलो दड्ढो, धावमाणो य अंधओ ।।

116 संजोअसिद्धीइ फलं वयंति, न हु एगचक्केण रहो पयाइ ।
अंधो य पंगू य वणे समिच्चा, ते संपउत्ता नगरं पविट्ठा ।।

117 जीवादी सद्दहणं, सम्मत्तं जिणवरेहिं पण्णत्तं ।
ववहारा णिच्छयदो, अप्पा णं हवइ सम्मत्तं ।।

118 सम्मत्तविरहिया णं, सुट्ठु वि उग्गं तवं चरंता णं ।
ण लहंति बोहिलाहं, अवि वाससहस्सकोडीहिं ।।

119 दंसणसुद्धो सुद्धो दंसणसुद्धो लहेइ णिव्वाणं ।
दंसणविहीण पुरिसो, न लहइ तं इच्छियं लाहं ।।

120 सम्मत्तस्स य लंभो, तेलोक्कस्स य हवेज्ज जो लंभो ।
सम्मद्दंसणलंभो, वरं खु तेलोक्कलंभादो ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

115. क्रिया-हीन ज्ञान निकम्मा (होता है), (तथा) अज्ञान से (की हुई) क्रिया (भी) निकम्मी (होती है); (प्रसिद्ध है कि) देखता हुआ (भी) लँगड़ा (व्यक्ति) (आग से) भस्म हुआ, और दौड़ता हुआ (भी) अन्धा व्यक्ति (आग से भस्म हुआ)।

116. (आचार्य) (ऐसा) कहते हैं (कि) (ज्ञान और क्रिया का) संयोग सिद्ध होने पर फल प्राप्त होता है), क्योंकि (ज्ञान अथवा क्रियारूपी) एक पहिए से (धर्मरूपी) रथ नहीं चलता है। (समझो) अन्धा और लंगड़ा, वे (दोनों) जंगल में इकट्ठे मिल कर जुड़े हुए (आग से बचकर) नगर में गए।

117. व्यवहार से जीव आदि (तत्वों) में श्रद्धा सम्यक्त्व (सम्यग्दर्शन) (है); निश्चय से आत्मा ही सम्यक्त्व होती है, (ऐसा) अरहंतों द्वारा कहा गया (है)।

118. सम्यक्त्व (आध्यात्मिक जागृति) से रहित (व्यक्ति) अत्यन्त कठोर तप करते हुए भी अध्यात्म के लाभ को हजारों-करोड़ों वर्षों में भी प्राप्त नहीं करते हैं।

119. (जिसके द्वारा) निर्दोष आध्यात्मिक जागृति (प्राप्त की गई है), (वह) ही अद्वितीय (है), (चूंकि) वह ही निर्वाण (समता) को प्राप्त करता है। आध्यात्मिक जागृति से रहित व्यक्ति उस इच्छित लाभ को प्राप्त नहीं करता है।

120. एक ओर सम्यग्दर्शन (की प्राप्ति) का लाभ (हो), (तथा) दूसरी ओर त्रिलोक (की प्राप्ति) का लाभ हो; (उन दोनों में) जो सम्यग्दर्शन (की प्राप्ति) का लाभ (है), (वह) त्रिलोक (की प्राप्ति) के लाभ से निस्सन्देह अधिक अच्छा (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

121 किं बहुणा भणिएणं, जे सिद्धा णरवरा गए काले ।
सिज्झिहिंति जे वि भविया, तं जाणइ सम्ममाहप्पं ।।

122 सेवंतो वि ण सेवइ, असेवमाणो वि सेवगो कोई ।
पगरणचेट्ठा कस्स वि, ण य पायरणो त्ति सो होई ।।

123 सम्मदिट्ठी जीवा, णिस्संका होंति णिब्भया तेण ।
सत्तभयविप्पमुक्का, जम्हा तम्हा दु णिस्संका ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

121. कही गई अधिक बात से क्या लाभ है ? (इतना ही कहना पर्याप्त है कि) उस सम्यक्त्व (आध्यात्मिक जागृति) की महिमा को जानो (जिसके कारण) श्रेष्ठ मनुष्य भूतकाल में (समता की प्राप्ति में) सफल हुए हैं (और) (भविष्य में) भी श्रेष्ठ मनुष्य (समता की प्राप्ति में) सफल होंगे।

122. (सुखों के लिए वस्तुओं को) उपयोग में लाते हुए भी (अनासक्ति के कारण) कोई (व्यक्ति) (तो) (उन पर) आश्रित नहीं होता है (और परम शान्ति प्राप्त कर लेता है), (किन्तु) (उनको) उपयोग में न लाते हुए भी (कोई) (व्यक्ति) (आसक्ति के कारण) (उन पर) आश्रित (रहता है) (और) परम शान्ति प्राप्त नहीं कर पाता है)। (ठीक ही है) किसी के लिए (किए गए) श्रेष्ठ कार्य के प्रयास के कारण भी (आसक्ति के अभाव के कारण) (कोई) (व्यक्ति) (उस) श्रेष्ठ कार्य से (दृढ़ रूप से) संबंधित नहीं होता है। (अतः कहा जा सकता है कि आसक्ति के कारण ही वस्तुओं से संबंध जुड़ता है, जीव के कर्म-बन्धन होता है और उसमें अशान्ति उत्पन्न होती है)।

123. सम्यग्दृष्टि जीव (अध्यात्म में) शंका रहित होते हैं, इसलिए (वे) निर्भय (होते हैं); चूंकि (सम्यग्दृष्टि जीव) सात[1] (प्रकार के) भयों से मुक्त (होते हैं), इसलिए निश्चय ही (वे) अध्यात्म मे) शंका-रहित (होते हैं)।

---

1. लोक-भय, परलोक-भय, अरक्षा-भय, अगुप्ति-भय (संयमहीन होने का भय) मृत्यु-भय, वेदना-भय और अकस्मात्-भय।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

124 खाई - पूया - लाहं, सक्काराइं किमिच्छसे जोई ।
इच्छसि जइ परलोयं, तेहिं किं तुज्झ परलोये ।।

125 जत्थेव पासे कइ दुप्पउत्तं, काएण वाया अदु माणसेणं ।
तत्थेव धीरो पडिसाहरेज्जा, आइण्णओ खिप्पमिवक्खलीणं ।।

126 जो धम्मिएसु भत्तो, अणुचरणं कुणदि परमसद्धाए ।
पियवयणं जंपंतो, वच्छल्लं तस्स भव्वस्स ।।

127 जह जह सुयमोगाहइ, अइसयरसपसरसंजुयमपुव्वं ।
तह तह पल्हाइ मुणी, नवनवसंवेगसद्धाओ ।।

128 सूई जहा ससुत्ता, न नस्सई कयवरम्मि पडिआ वि ।
जीवो वि तह ससुत्तो, न नस्सइ गओ वि संसारे ।।

129 जेण तच्चं विबुज्झेज्ज, जेण चित्त णिरुज्झदि
जेण अत्ता विसुज्झेज्ज, तं णाणं जिणसासणे ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

124. हे योगी ! यदि तू सर्वोत्तम अस्तित्व (समतामय जीवन) को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है, (तो) प्रशंसा, आदर (सांसारिक) लाभ, आतिथ्य आदि की कामना क्यों करता है ? क्या इनके द्वारा तेरे लिए सर्वोत्तम अस्तित्व में (प्रवेश होगा) ?

125. जहां कहीं भी धीर (व्यक्ति) मन से, वचन से या काया से क्षुद्र (कार्य) किया हुआ (अपने में) देखे, वहां ही (वह) (अपने को) पीछे खींचे जैसे कुलीन घोड़ा लगाम को (देखकर) (अपने को) तुरन्त (पीछे खींच लेता है)।

126. जो गुणवानों में अनुराग-सहित (होता है), (जो) परम श्रद्धा से (उनका) अनुसरण करता है, (जो) (उनसे) (सदा) प्रिय वचन बोलता हुआ (रहता है), उस भव्य (सम्यग्दृष्टि) में (गुणीजनों के प्रति) वात्सल्य (होता है)।

127. जैसे जैसे ज्ञानी (ऐसे) असाधारण आध्यात्मिक ज्ञान में लीन होता है (जो) अत्यधिक आनन्द की उत्पत्ति से जुड़ा हुआ है, वैसे वैसे (वह) नये नये (प्रकार की) अनासक्ति की स्थितियों (के अनुभव) से आनन्दित होता है।

128. जैसे धागे-युक्त सूई कूड़े में पड़ी हुई भी नहीं खोती है, वैसे ही संसार में स्थित भी नियम-युक्त जीव (व्यक्ति) बर्बाद नहीं होता है।

129. जिससे तत्व जाना जाता है, जिससे चित्त संयमित किया जाता है, जिससे आत्मा शुद्ध की जाती है, वह जिन-शासन में ज्ञान (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

130 जेण रागा विरज्जेज्ज, जेण सेएसु रज्जदि ।
जेण मित्ती पभावेज्ज, तं णाणं जिणसासणे ।।

131 जो पस्सदि अप्पाणं, अबद्धपुट्ठं अणण्णमविसेसं ।
अपदेससुत्तमज्झं, पस्सदि जिणसासणं सव्वं ।।

132 एदम्हि रदो णिच्चं, संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि ।
एदेण होहि तित्तो, होहिदि तुह उत्तमं सोक्खं ।।

133 लद्धणं णिहिं एक्को, तस्स फलं अणुहवेइ सुजणत्ते ।
तह णाणी णाणणिहिं, भुंजेइ चइत्तु परतत्तिं ।।

134 सक्किरियाविरहातो इच्छितसंपावयं ण नाणं ति ।
मग्गण्णू वाऽचेट्ठो, वातविहीणोऽधवा पोतो ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

130. जिसके द्वारा राग से मुक्त हुआ जाता है, जिसके द्वारा सद्‌गुणों में अनुरक्त हुआ जाता है, जिसके द्वारा मैत्री उत्पन्न की जाती है, वह जिन-शासन में ज्ञान (है)।

131. जो (आत्मा को) न बंधी हुई (तथा) (कर्मों के द्वारा) मलिन न की हुई समझता है, (जो) (इसके अनुभव को) अद्वितीय (समझता है) और (इसके अस्तित्व को) (अन्तरंगरूप से) भेदरहित (समझता है), (जो) (आत्मा को) क्षेत्र रहित, परिभाषारहित, तथा मध्यरहित (समझता है), (वह) सम्पूर्ण जिन-शासन को समझता है।

132. इस (आत्म-ज्ञान) में (ही) (तू) सदा संलग्न (रह), इस (आत्म-ज्ञान) में (ही) (तू) सदा संतुष्ट हो (और) (इतना ही नहीं) इस (आत्म-ज्ञान) से (ही) (तू) तृप्त हो। (ऐसा करने से) तुझे उत्तम सुख होगा।

133. (जैसे कोई व्यक्ति परोपकार के द्वारा (यशरूपी) निधि को प्राप्त करके उसके फल को अनुभव करता है, उसी प्रकार ज्ञानी पर से तृप्ति (की आदत) को त्यागकर (आत्म)-ज्ञानरूपी निधि (के फल) को अनुभव करता है।

134. (व्यक्ति के जीवन में) सत्‌क्रिया के अभाव के कारण (ही) ज्ञान चाही गई (शान्ति) को प्राप्त कराने वाला नहीं (होता है), जैसे कि (ज्ञान) मार्ग के जानकार को (जो) प्रयत्नरहित (होता है) इच्छित (स्थान) की ओर ले जाने वाला (नहीं) (होता है) या (जैसे कि) वायुरहित नौका इच्छित (स्थान) की ओर ले जाने वाली (नहीं) (होती है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

135 सुबहुं पि सुयमहीयं किं काहिइ चरणविप्पहीणस्स ।
अंधस्स जह पलित्ता, दीवसयसहस्सकोडी वि ।।

136 थोवम्मि सिक्खिदे जिणइ, बहुसुदं जो चरित्तसंपुण्णो ।
जो पुण चरित्तहीणो, किं तस्स सुदेण बहुएण ।।

137 णिच्छयणयस्स एवं, अप्पा अप्पम्मि अप्पणे सुरदो ।
सो होदि हु सुचरित्तो, जोई सो लहइ णिव्वाणं ।।

138 जो सव्वसंगमुक्कोऽणण्णमणो अप्पणं सहावेण ।
जाणदि पस्सदि णियदं, सो सगचरियं चरदि जीवो ।।

139 चारित्तं खलु धम्मो, धम्मो जो सो समो त्ति णिद्दिट्ठो ।
मोहक्खोहविहीणो, परिणामो अप्पणो हु समो ।।

140 सुविदिदपयत्थसुत्तो, संजमतवसंजुदो विगदरागो ।
समणो समसुहदुक्खो, भणिदो सुद्धोवओगो त्ति ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

135. चरित्रहीन (व्यक्ति) के द्वारा अति-अधिक रूप से भी पढा हुआ श्रुत क्या (प्रयोजन) सिद्ध करेगा ? जैसे कि अन्धे (व्यक्ति) के द्वारा जलाए गए भी लाखों-करोडों दीपक (उसके लिए) क्या प्रयोजन सिद्ध करेंगे ?

136. जो चरित्र-युक्त (है), (वह) अल्प शिक्षित होने पर (भी) विद्वान् (व्यक्ति) को मात कर देता है; किन्तु जो चरित्रहीन (है), उसके लिए बहुत श्रुत-ज्ञान से (भी) क्या लाभ (है) ?

137. निश्चयनय के अनुसार यह इस प्रकार (कहा गया है) (कि) (जब) आत्मा अपनी आत्मा में खूब लीन (होता है) (तो) वह (लीनता) निश्चय ही सम्यक् चारित्र (होता है)। वह योगी (जो ऐसा करता है) परम शान्ति प्राप्त करता है।

138. जो (व्यक्ति) सम्पूर्ण आसक्ति से रहित (है) और आत्मा में एकाग्रचित्त (है), वह व्यक्ति (ही) स्वभाव से आत्मा को जानता-देखता है (और) (वह) निश्चय ही आध्यात्मिक चारित्र का आचरण करता है।

139. निस्संदेह चारित्र (ही) धर्म (कहा गया है)। जो समता (है), वह (भी) निश्चय ही धर्म कहा गया (है)। (समझो कि) मोह (आध्यात्मिक विस्मरण) और क्षोभ (हर्ष-शोकादि द्वन्द्वात्मक प्रवृत्ति) से रहित आत्मा का भाव ही समता है। (अतः चारित्र और समता में समानता है)।

140. श्रमण (जिसके द्वारा) तत्व (अध्यात्म) (तथा) (उसके प्रेरक) सूत्र-ग्रन्थ भली प्रकार से जान लिए गए (हैं), (जो) संयम और तप से संयुक्त हैं, (जिसके द्वारा) राग (आसक्ति) समाप्त कर दिया गया। (जिसके द्वारा) सुख

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

141 सुद्धस्स य सामण्णं, भणियं सुद्धस्स दंसणं णाणं ।
सुद्धस्स य णिव्वाणं, सो चिय सिद्धो णमो तस्स ।।

142 अइसयमादसमुत्थं, विसयातीदं अणोवममणंतं ।
अव्वुच्छिन्नं च सुहं, सुद्धुवओगप्पसिद्धाणं ।।

143 जस्स ण विज्जदि रागो, दोसो मोहो व सव्वदव्वेसु ।
णाऽऽसवदि सुहं असुहं, समसुहदुक्खस्स भिक्खुस्स ।।

144 अब्भंतरसोधीए, बाहिरसोधी वि होदि णियमेण ।
अब्भंतर-दोसेण हु, कुणदि णरो बाहिरे दोसे ।।

145 मदमाणमायलोह-विवज्जियभावो दु भावसुद्धि त्ति ।
परिकहियं भव्वाणं, लोयालोयप्पदरिसीहिं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

और दुःख (मूलतः) समान समझ लिया गया है, (उस ऐसे श्रमण का भाव) शुद्धोपयोग कहा गया है।

141. शुद्धोपयोगी की (अवस्था) ही श्रमणता कही गई (है), शुद्धोपयोगी की (अवस्था) (ही) आध्यात्मिक जागृति और(आध्यात्मिक) ज्ञान (बताया गया) (है); शुद्धोपयोगी की (अवस्था) ही निर्वाण (परम शान्ति) (बताई गई है)। वह ही (जीवन में) सर्वोच्च को प्राप्त करने वाला (माना गया है), (इसलिए) उसके लिए मेरा नमस्कार (है)।

142. शुद्ध–उपयोग (आत्मानुभव) से विभूषित (व्यक्तियों) का सुख श्रेष्ठ, आत्मोत्पन्न, विषयातीत, अनुपम, अनन्त तथा अविच्छिन्न (होता है)।

143. जिस साधु के लिए सुख-दुःख (मूलतः) (समान होते हैं), (उसमें) किसी भी वस्तु के प्रति राग-द्वेष नहीं होता है और (उसमें) आध्यात्मिक विस्मृति (भी नहीं रहती है) (तथा) (उसमें) न शुभ (कर्म) और न (ही) अशुभ कर्म प्रवेश करता है।

144. आंतरिक शुद्धि से बाह्य शुद्धि भी आवश्यक रूप से होती है, आंतरिक अशुद्धि से ही मनुष्य बाह्य दोषों को करता है।

145. कामुकता, अहंकार, मायाचार और लोभ से रहित (मानसिक) अवस्था (जब) (होती है), (तो) भावों में निर्मलता (रहती है)। सर्वज्ञों द्वारा मुक्तिगामी (जीवों) के लिए (यह बात) कही गई है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

146 जह व णिरुद्धं असुहं, सुहेण सुहमवि तहेव सुद्धेण ।
तम्हा एण कमेण व, जोई झाएउ णियआदं ।।

147 आहारासण-णिद्दाजयं, च काऊणं जिणवरमएण ।
झायव्वो णियअप्पा, णाऊणं गुरुपसाएण ।।

148 तस्सेस मग्गो गुरुविद्धसेवा, विवज्जणा बालजणस्स दूरा ।
सज्झायएगंतनिवेसणा य, सुत्तत्थ संचिंतणया धिई च ।।

149 आहारमिच्छे मियमेसणिज्जं सहायमिच्छे निउणत्थबुद्धिं ।
निकेयमिच्छेज्ज विवेगजोग्गं समाहिकामे समणे तवस्सी ।।

150 हियाहारा मियाहारा, अप्पाहारा य जे नरा ।
न ते विज्जा तिगिच्छंति, अप्पाणं ते तिगिच्छगा ।।

151 विवित्तासेज्जाऽऽसाणजंतियाणं, ओमाऽसणाणं दमिइंदियाणं ।
न रागसत्तू धरिसेइ चित्तं, पराइओ वाहिरिवोसहेहिं ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

146. जिस प्रकार (योगी के द्वारा) शुभ कर्म (शुभ मानसिक तनाव) से अशुभ कर्म (अशुभ मानसिक तनाव) रोका गया (है), उसी प्रकार शुद्ध अनुभव (आत्मानुभव) से शुभ कर्म (शुभ मानसिक तनाव) भी (रोका गया है)। इसलिए इस क्रम से ही योगी निज (शुभ व शुद्ध) स्वरूप का ध्यान करे।

147. जिन-सिद्धान्त में (यह कहा गया है कि) आहार, आसन और निद्रा पर विजय प्राप्त करके और (आत्मा को) गुरु-कृपा से समझकर निज-आत्मा ध्यायी जानी चाहिए।

148. गुरु और अनुभवी की सेवा, अज्ञानी (विकृत बुद्धिवाले) मनुष्य का पूर्णरूप से त्याग, स्वाध्याय और एकान्तवास, सूत्र के अर्थ का सम्यक् चिन्तन तथा धैर्य–(इन सबका एकीकरण) उसका (समता की प्राप्ति का) साधन (है)।

149. समाधि का इच्छुक तपस्वी श्रमण परिमित एवं ग्रहण करने योग्य आहार को चाहे, (ऐसे) साथी को चाहे (जो) विवेक-पूर्ण प्रयोजन और समझ (रखता हो) तथा (वह) विवेक से (जाने गये) उपयुक्त स्थान की चाहना करे।

150. जो मनुष्य (साधना के लिए) हितकारी आहार से, (हितकारी में भी) सीमित आहार से और (सीमित में भी) अल्प आहार से (सन्तुष्ट होते हैं), उनको चिकित्सा की आवश्यकता नहीं पड़ने के (कारण) उनकी वैद्य चिकित्सा नहीं करते हैं। वे (सचमुच) (अपने) मन के (ही) चिकित्सक होते हैं।

151. विकृतियों से रहित आवास के कारण तथा नियन्त्रित आसन के कारण, अल्प मात्रा में आहार (करने) के कारण (और)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

152 जरा जाव न पीलेइ, वाही जाव न वड्ढई ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे ।।

153 दो चेव जिणवरेहिं, जाइजरामरणविप्पमुक्केहिं ।
लोगम्मि पहा भणिया, सुस्समण सुसावगो वा वि ।।

154 दाणं पूया मुक्खं, सावयधम्मे ण सावया तेण विणा ।
झाणाज्झयणं मुक्खं, जइधम्मे तं विणा तहा सो वि ।।

155 आहारोसह-सत्थाभय-भेओ जं चउव्विहं दाणं ।
तं वुच्चइ दायव्वं, णिद्दिट्ठमुवासयज्झयणे ।।

156 जयणा उ धम्मजणणी, जयणा धम्मस्स पालणी चेव ।
तव्वुड्ढीकरी जयणा, एगंतसुहावहा जयणा ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संयमित की हुई इन्द्रियों के कारण आसक्तिरूपी शत्रु (विवेकी मनुष्य के) मन को विचलित नहीं करता है, (जैसे) औषधियों द्वारा नष्ट किया हुआ व्याधिरूपी शत्रु (व्यक्ति पर आक्रमण नहीं करता है)।

152. जब तक (किसी को) बुढ़ापा नहीं सताता है, जब तक (किसी के) रोग नहीं बढ़ता है, जब तक (किसी की) इन्द्रियाँ क्षीण नहीं होती है, तब तक (उसको) धर्म (आध्यात्मिकता) का आचरण कर लेना चाहिए।

153. (अपने तथा समाज के विकास के लिए) जन्म, मरण और बुढ़ापे से रहित अर्हन्तों द्वारा (इस) जगत् में दो ही मार्ग (जीवन पद्धतियाँ) कहे/कही गये/गई (हैं)। (एक मार्ग का पथिक) अच्छा श्रमण (कहा गया है) और (दूसरे मार्ग का पथिक) अच्छा श्रावक (कहा गया है)।

154. श्रावक धर्म (गृहस्थ जीवन) में दान और आध्यात्मिक व्यक्तियों की भक्ति प्रमुख होती है। उस (एक) के बिना (भी) (व्यक्ति) श्रावक नहीं (कहे जाते हैं)। श्रमण-धर्म में ध्यान और स्वाध्याय प्रमुख (होता है)। उसी प्रकार उस (एक) के बिना व्यक्ति (श्रमण) भी नहीं (कहा जाता है)।

155. जो दान चार प्रकार का कहा जाता है, (उसका) विभाजन, आहार, औषध, शास्त्र तथा अभय के रूप में है। वह (दान) दिया जाना चाहिए। (ऐसा) उपासकाध्ययन में वर्णित (है)।

156. निश्चय ही जागरूकता अध्यात्म की माता (है), निश्चय ही जागरूकता अध्यात्म की रक्षा करने वाली (है), जाग-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

157 जयं चरे जयं चिट्ठे, जयमासे जयं सए ।
जयं भुंजंतो भासंतो, पावं कम्मं न बंधइ ।।

158 णाणेण ज्झाणसिज्झी, झाणादो सव्वकम्मणिज्जरणं ।
णिज्जरणफलं मोक्खं, णाणब्भासं तदो कुज्जा ।।

159 णाणमयवायसहिओ, सीलुज्जलिओ तवो मओ अग्गी ।
संसारकरणबीयं, दहइ दवग्गी व तणरासिं ।।

160 लवण व्व सलिलजोए, झाणे चित्तं विलीयए जस्स ।
तस्स सुहासुहडहणो, अप्पाअणलो पयासेइ ।।

161 न कसायसमुत्थेहि य, वहिज्जइ माणसेहिं दुक्खेहिं ।
ईसा-विसाय-सोगा-इएहिं, झाणोवगयचित्तो ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रूकता उसकी (अध्यात्म की) वृद्धि करने वाली है (तथा) जागरूकता (ही) निरपेक्ष सुख को उत्पन्न करने वाली है।

157. (व्यक्ति) जागरूकतापूर्वक चले, जागरूकतापूर्वक खड़ा रहे, जागरूकतापूर्वक बैठे, जागरूकतापूर्वक सोये (ऐसा करता हुआ तथा) जागरूकतापूर्वक भोजन करता हुआ (और) बोलता हुआ (व्यक्ति) अशुभ कर्म को नहीं बांधता है।

158. ज्ञान से ध्यान की सिद्धि (होती है); ध्यान से सब कर्मों का क्षय (होता है); (कर्मों के) क्षय का फल मोक्ष (है); इस लिए ज्ञान का अभ्यास करना चाहिए।

159. ज्ञानमय वायु से युक्त (तथा) शील द्वारा जलाई गई तपमय अग्नि संसार को उत्पन्न करने वाले बीज को भस्म कर देती है, जैसे कि दावाग्नि (जंगल की आग) तृण-राशि को (भस्म) कर देती है)।

160. जैसे जल के संयोग होने पर लवण विलीन हो जाता है, (वैसे ही) जिसका चित्त ध्यान में (विलीन हो जाता है), उसके (जीवन में) शुभ-अशुभ (कर्म) को भस्म करने वाली आत्माग्नि (आत्मानुभवरूपी अग्नि) प्रकट होती है।

161. चित्त (जिसके द्वारा) ध्यान प्राप्त किया गया (है), (वह) कषाय (राग-द्वेष) से उत्पन्न ईर्ष्या (जलन), निराशा, अफ-सोस आदि मानसिक कष्टों (तनावों) द्वारा परेशान नहीं किया जाता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

162 जह चिरसंचियमिंधण-मनलो पवणसहिओ दुयं दहइ ।
तह कम्मेधणममियं, खणेण झाणानलो डहइ ।।

163 जरामरणवेगेणं, वुज्झमाणाण पाणिणं ।
धम्मो दीवो पइट्ठा य, गई सरणमुत्तमं ।।

164 धीरेण वि मरियव्वं, काउरिसेण वि अवस्समरियव्वं ।
तम्हा अवस्समरणे, वरं खु धीरत्तणे मरिउं ।।

